# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026





प्रदेशभर के सरकारी विभागों को अप्रैल से स्मार्ट करंट लगना तय हो गया है। ज्यादातर सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लग गए हैं। अभी तो ये पोस्टपैड हैं, लेकिन इसको प्रीपेड करने के छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार की पहले चरण में सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। पहले चरण में ब्लाक स्तर के सभी सरकारी विभागों के कनेक्शन अप्रैल से प्रीपेड हो जाएंगे।

# सरकारी विभागों के ब्लाक स्तर के 45 हजार बिजली कनेक्शन होंगे अप्रैल से प्रीपेड

## विभागों को कराना होगा तीन माह का रीचार्ज, तब मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करीब 45 हजार सरकारी कनेक्शनों को तीन माह का रीचार्ज करना होगा। इसी के साथ अलग-अलग चरणों में प्रदेश के सभी 1.72 लाख बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड कर दिया जाएगा। मार्च तक सरकारी विभागों पर जितना भी बकाया होगा, उसको फ्रीज कर दिया जाएगा। इस बकाया को प्रदेश सरकार किस्तों में पॉवर कंपनी को देगी। अभी करीब तीन हजार करोड़ का सरकारी विभागों पर बकाया है। प्रदेशभर में पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। 1.72 लाख सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसमें से करीब डेढ़ लाख में ये मीटर लग गए हैं। बचे करीब 22 हजार मीटरों को भी लगाने का काम तेजी से हो रहा है। ये मीटर पंचायतों और आंगनबाड़ी के ही ज्यादा बचे हैं। संभावना जताई जा रही है कि कनेक्शन प्रीपैड होने से पहले बचे स्मार्ट मीटर भी लग जाएंगे।

खास खबर



### तीन हजार करोड़ बकाया

सरकारी विभागों पर बकाया लगातार बढ़ते जा रहा है। बीते साल अगस्त में यह बकाया 1988 करोड़ था जो बढ़ते-बढ़ते मार्च 2025 में 2444.91 करोड़ हो गया था। अब यह बकाया करीब तीन हजार करोड़ हो गया है। इसमें सबसे बड़ा बकाया नगरीय निकायों पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 600 करोड़ से ज्यादा है। इसी के साथ अन्य विभागों पर एक करोड़ से लेकर सौ करोड़ तक का बकाया है। यह बकाया मार्च तक 35 सौ करोड़ तक हो सकता है। इस बकाया को प्रदेश सरकार विभागों के बजट से ही किस्तों में पॉवर कंपनी को देगी।

### तीन-तीन माह का करना होगा रीचार्ज

पहले चरण में ब्लाक स्तर पर करीब 45 हजार सरकारी बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी है। इन सभी कनेक्शनों के विभागों को अपने बजट से तीन-तीन माह का रीचार्ज कराना होगा। जिस विभाग का एक माह का जितना बिल आता है, उसको देखते हुए तीन माह के बिल के बराबर की राशि का रीचार्ज कराना होगा। इस रीचार्ज के समाप्त होने से पहले आने वाले तीन माह के लिए फिर से रीचार्ज कराना होगा।

# स्वामी विवेकानंद योजना में युक्तियुक्तकरण वाले विद्यालय ही हिंदी के साथ इंग्लिश माध्यम भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार द्वारा मंगलवार को पेश किए गए बजट में स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना की घोषणा की गई है। इस योजना में प्रदेश के 150 विद्यालयों को शामिल किया गया है। इस योजना में उन स्कूलों को शामिल किए जाने की तैयारी है, जिन्हें युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत मर्ज किया गया है और जहां पहली से बारहवीं कक्षा तक का संचालन होता है। 2025 में प्रदेशभर के विद्यालयों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया था। एक ही कैंपस में संचालित होने वाले प्राथमिक, माध्यमिक तथा हाईस्कूल-हायरसेकंडरी विद्यालयों को मर्ज किया गया था। ये विद्यालय ही स्वामी विवेकानंद योजना का हिस्सा बनेंगे। अंदरूनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस योजना के लिए लगभग चार माह पूर्व ही योजना तैयार कर ली गई थी। अब इसके रोडमैप को अंतिम रूप दिया जाएगा। स्वीकृति पश्चात इसका क्रियान्वयन होगा। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में हिंदी के साथ इंग्लिश माध्यम विद्यालय से भी पढ़ाई होगी। पीएमश्री योजना में स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों को भी शामिल किया गया था, लेकिन स्वामी विवेकानंद योजना में ऐसा नहीं होगा। इसके लिए विशुद्ध रूप से उन स्कूलों का चयन होगा, जिन्हें वर्तमान में किसी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

- शैक्षणिक सत्र 2026-27 से होगी शुरुआत, शिक्षकों की संविदा भर्ती

### संविदा के जरिए भर्ती

*चूंकि इन विद्यालयों में इंग्लिश माध्यम से भी पढ़ाई होगी, इसलिए यहां अध्यापन के लिए संविदा शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए स्वामी आत्मानंद विद्यालय का पैटर्न अपनाया जाएगा। इंग्लिश माध्यम कक्षाओं में अध्यापन के लिए प्रतिनियुक्ति पर शिक्षकों को लाया जाएगा। रिक्त पदों को संविदा आधार पर भरा जाएगा। नवीन शैक्षणिक सत्र से योजना की शुरुआत होगी। ऐसे में जिन स्कूलों के नाम स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट योजना में शामिल किए जाएंगे, वहां दाखिले भी जून 2026 से प्रारंभ कर दिए जाएंगे। इंग्लिश माध्यम विद्यालयों के लिए आवेदन अधिक आने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से छात्रों का चुनाव होगा।*


## छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड

प्रधान कार्यालय : ऑफिस कॉम्पलेक्स, ब्लॉक-A, सेक्टर-24, अटल नगर, रायपुर, (छ.ग.)
दूरभाष 0771-2972124,2972125, 2972126
E-mail :- vanvikasnigam@yahoo.com, cgrvvnl@gmail.com website :- http://rvvn.cgstate.gov.in

**माह मार्च-2026 में सर्व साधारण हेतु नीलाम सूचना**

| क्र. | परियोजना मंडल का नाम एवं मुख्यालय | काष्ठागारों का नाम | नीलाम तिथि एवं समय | अनुमानित काष्ठ की मात्रा | | | | | | | औ.बांस (नो.टन.) | व्यापारिक बांस (नग) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | काष्ठ (घ.मी.) | | | बल्ली (नग) | | | जलाऊ चट्टे | | |
| | | | | सागौन | साल | अन्य | सागौन | साल | अन्य | नग | | |
| 1 | बारनवापारा | कोडार | 02.03.2026 | 4012 | - | 356 | 51710 | - | 69942 | 128 | - | - |
| 2 | कोटा | कोटा | 11.03.2026 | 1737 | 317 | 536 | 78235 | 9189 | 9958 | 561 | - | - |
| | सरगुजा | | | 8 | 130 | 31 | 4351 | 131 | 265 | 350 | - | - |
| 3 | अंतागढ़ | कराठी | 16.03.2026 | 945 | 0 | 732 | 19270 | 0 | 14276 | 375 | 35 | 20500 |
| | जगदलपुर | | | 40 | 57 | 72 | 1591 | 60 | 593 | 17 | - | - |
| 4 | कवर्धा | बोड़ला | 23.03.2026 | 1175 | 5 | 116 | 63144 | - | 8916 | 314 | - | - |
| 5 | पानाबरस | मोहला | 30.03.2026 | 2300 | - | 1600 | 100000 | - | 40000 | 1250 | 100 | 52000 |

1. नीलाम की शर्ते संबंधित परियोजना मंडल कार्यालय/काष्ठागारो / वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है। 2. उक्त नीलाम ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जायेगा। 3. क्रेता यदि चाहे तो नीलाम से 03 दिन पूर्व लॉट का निरीक्षण कर सकते है।

सं. 47026 प्रबंधक (विपणन)



## कार्यालय नगर पालिका परिषद कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक/361/तक.शा./न.पा.प./2025-26 कटघोरा, दिनांक 26/02/2026

**प्रथम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा Building SOR दिनांक 01.01.2015 से प्रभावषील दर अनुसूची पर कम, अधिक या समान दर पर ऑनलाईन निविदा आंमत्रित किया जाता है।

| S. N. | System Tender No. & Date | Description | Total Estimate Cost Rs. in Lacs | Last Date Online Submission | Remark |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 186256 | वार्ड क्र. 15 बरभांठा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 14.92 | 27.03.2026 | Form-A |
| 2 | 186257 | वार्ड क्र. 15 मरखीमाता मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य | 18.00 | 27.03.2026 | Form-A |
| 3 | 186254 | वार्ड क्र. 14 बाक्स कल्वर्ट पुलिया निर्माण कार्य | 33.74 | 27.03.2026 | Form-A |
| 4 | 186255 | वार्ड क्र. 13 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 29.93 | 27.03.2026 | Form-A |
| 5 | 186259 | नगर पालिका नवीन कार्यालय भवन में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 17.88 | 27.03.2026 | Form-A |
| 6 | 186258 | नगर पालिका नवीन कार्यालय भवन में वाहन पार्किग हेतु शेड निर्माण कार्य | 18.00 | 27.03.2026 | Form-A |
| 7 | 186349 | वार्ड क्र. 02 रेस्ट हाउस बाउण्ड्रीवाल से मेला ग्राउण्ड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 16.10 | 27.03.2026 | Form-A |
| 8 | 186348 | वार्ड क्र. 02 बी. आर. अम्बेडकर भवन में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 24.75 | 27.03.2026 | Form-A |
| 9 | 186352 | वार्ड क्र. 02 बी.एस.एन.एल. आफिस से बी.आर. अम्बेडकर भवन तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 24.00 | 27.03.2026 | Form-A |
| 10 | 186351 | वार्ड क्र. 02 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 14.92 | 27.03.2026 | Form-A |
| 11 | 186252 | वार्ड क्र. 04 सरगबंद तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य | 50.77 | 27.03.2026 | Form-A |
| 12 | 186350 | वार्ड क्र. 02 रेस्ट हाउस से बंटी जनरल स्टोर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 10.94 | 27.03.2026 | Form-A |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में तथा कार्यालयीन समय पर नगर पालिका परिषद कटघोरा से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कटघोरा


### 300 मीटर तक उड़े 50 किलो के पत्थर, स्कूल-कैंप-ढाबा दायरे में, जांच तक प्लांट बंद

# क्रशर ब्लास्ट में स्कूल की छत टूटी चार पर एफआईआर, दो गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

गीदम-जगदलपुर मार्ग पर जावंगा स्थित लक्ष्मी मेटल एंड इंडस्ट्रीज क्रशर में अनियंत्रित ब्लास्टिंग ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। विस्फोट के दौरान लगभग 50 किलो से अधिक वजनी पत्थर 200 से 300 मीटर दूर तक जा गिरे। इनमें से एक बड़ा पत्थर नवीन प्राथमिक शाला कोसापारा बड़े पनेड़ा की कंक्रीट छत तोड़ते हुए कक्षा के भीतर जा गिरा। घटना शाम लगभग चार बजे हुई। उस समय स्कूल में छात्र-शिक्षक मौजूद नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ पत्थर स्कूल के पीछे के हिस्से में भी पाए गए। क्रशर के सामने स्थित ढाबा तथा लगभग 300 मीटर दूरी पर स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर के आसपास भी पत्थर गिरने की पुष्टि हुई है। यदि ब्लास्टिंग स्कूल समय में होती तो गंभीर जनहानि की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था।

## नियमों की धज्जियां उड़ाते एनएच से 100 मीटर पर 9 साल से चल रहा



### सर्फेस क्लीनिंग नहीं की

जानकारों का कहना है कि ब्लास्टिंग से पहले सर्फेस क्लीनिंग अनिवार्य प्रक्रिया है, जिससे पहले से मौजूद ढीले पत्थर दूर तक न उछलें। लेकिन गुरुवार को ब्लास्टिंग के दौरान यह प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। वहीं इस ब्लास्टिंग में आवश्यकता से अधिक विस्फोटक के उपयोग की बातें भी सामने आई है। पत्थरों का 300 मीटर तक छिटकना सामान्य नहीं माना जाता।

### संचालक और मैनेजर फरार

मामले में डीएसपी गोविंद दीवान ने बताया कि क्रशर संचालक टी. रमेश, मैनेजर इजराइल, ब्लास्टर और असिस्टेंट ब्लास्टर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 288, 324(5), 326(7) तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 03 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। धारा 326(7) गैर-जमानती है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ब्लास्टर और असिस्टेंट ब्लास्टर को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। संचालक और मैनेजर फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। जांच पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय की निगरानी में चल रही है। सूत्रों के अनुसार आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है।



### नियमों की अनदेखी

क्रशर राष्ट्रीय राजमार्ग से लगभग 100 से 150 मीटर दूरी पर संचालित हो रहा है और बीते नौ वर्षों से यहां संचालन जारी है। आरोप है कि निर्धारित 1.4 हेक्टेयर भूमि से अधिक क्षेत्र में खनन किया जा रहा है। परिसर में सुरक्षा फेंसिंग तक नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में भी तेज ब्लास्टिंग की शिकायतें की गई थीं। सबसे गंभीर बात यह सामने आई कि ब्लास्टिंग से पूर्व गीदम थाने को सूचना नहीं दी गई। थाना प्रभारी विजय पटेल के अनुसार केवल विस्फोटक ले जाने की सूचना दी गई थी, ब्लास्टिंग की नहीं। जबकि प्रत्येक ब्लास्ट से पहले थाने को सूचित करना और सुरक्षा के तहत मार्ग अवरुद्ध करना अनिवार्य है।

### जांच तक प्लांट बंद,

एसडीएम गीदम मनीष बघेल ने संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और जांच पूरी होने तक क्रशर प्लांट का संचालन बंद करा दिया है। घटना के बाद स्कूल की क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत कराई गई, लेकिन शिक्षा विभाग से पूर्व अनुमति नहीं ली गई। डीईओ प्रमोद ठाकुर ने कहा कि बिना अनुमति मरम्मत की गई है तो नियमानुसार कार्रवाई होगी। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने एसडीएम, माइनिंग इंस्पेक्टर और तहसीलदार की संयुक्त जांच टीम गठित की है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हाईकोर्ट ने करेंट से दो बच्चों की मौत मामले को मानिटरिंग में रखा



हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर

हाईकोर्ट में शासन की ओर से आंगनबाड़ी और खेत में करंट लगने से 2 बच्चों की मौत मामले में बच्चों के परिजन को मुआवजा दिए जाने की जानकारी दी गई। इस पर कोर्ट ने मामला मॉनिटरिंग के लिए रखा है।

कोर्ट को शासन की ओर से बताया गया कि खेत में मौत पर चार लाख और आंगनबाड़ी में हुई मौत पर परिजन को 1 लाख रुपए मुआवजा दिया जा चुका है। पहली घटना गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की है। जहां करगीकला गांव में 6 साल के बच्चे की खेत के पास खेलते हुए करंट लगने से मौत हो गई थी जबकि दूसरी घटना कोंडागांव जिले की है। जहां आंगनबाड़ी में करंट की चपेट में आने से ढ़ाई साल की बच्ची महेश्वरी यादव की जान चली गई थी। मृत बच्चों के परिजनों को मुआवजे के निर्देश देते हुए कोर्ट ने कहा कि राज्य में खेतों में बाड़ पर बिजली का करंट लगाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे इंसान के अलावा पशु और वन्यजीवों की मौत हो रही हैं। बरसात के मौसम में यह और भी खतरनाक हो जाता है। पानी भरने से पूरा इलाका करंट की चपेट में आ सकता है।

## बैंक में बंधक जमीन की बिक्री कर 57 लाख की ठगी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में दो सगे भाई ने एक फाइनेंस कंपनी तथा एक निजी कंपनी के खिलाफ बैंक में बंधक जमीन को कम कीमत पर दिलाने का झांसा देकर 57.40 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कटोरा तालाब निवासी दीपेश बजाज तथा उसका छोटा भाई अभिषेक ने नेक्सान सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी अनिल कुमार विश्वकर्मा तथा पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस के अधिकारी तुषार, इकबाल और बुधराम के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। दोनों भाई ने पुलिस को बताया है कि पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस (वर्तमान में ग्रहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) में बंधक जमीन को कम कीमत पर दिलाने का झांसा देकर रजिस्ट्री कर अब तक रजिस्ट्री पेपर नहीं दिया है।

## अमानत में खयानत

**रायपुर।** मौदहापारा थाना में एक कारोबारी ने अपने कलेक्शन एजेंट के खिलाफ अमानत में खयानत कर आठ लाख रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एमजी रोड में लीला इलेक्ट्रॉनिक्स के अकाउंटेट मनोहर मंधानी ने रोशन पेशवानी के खिलाफ अमानत में खयानत करने की शिकायत दर्ज कराई है। मनोहर ने पुलिस को बताया है कि एक कारोबारी की कलेक्शन की रकम में 35 हजार रुपए की गड़बड़ी सामने आने पर अन्य कारोबारियों से संपर्क कर जानकारी लेने पर कलेक्शन एजेंट द्वारा पिछले दो वर्षों में आठ लाख रुपए से ज्यादा गड़बड़ी करने की जानकारी मिली।


पांचवी पुण्यतिथि



जन्म 07.10.1937
निधन 27.02.2021

स्व. श्री ताराचंद जी अग्रवाल
(वरिष्ठ अधिवक्ता)

सात्विक, धार्मिक, सामाजिक, सादा जीवन-उच्च विचार,
शांत स्वभाव, सत्य व न्याय प्रिय, संस्कार के अविरल स्रोत,
वकालत में विशिष्ठ पहचान, अनंत ऊर्जावान, कर्मठ...
"बाबूजी" के ऐसे व्यक्तित्व को हमारा
शत्-शत् प्रणाम...

श्रद्धानवत्-
राजेश, उमेश, रमेश अग्रवाल (पुत्र)
सौरभ, गौरव, शशांक अग्रवाल (पौत्र)
एवं समस्त भूआणिया परिवार

REAL GROUP

निवास- "हरि विला", सिविल लाइन्स, रायपुर





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026


## दिव्यांगों के लिए खुले सरकारी नौकरी के दरवाजे प्रथम से चतुर्थ श्रेणी के पदों पर होंगी भर्तियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के दिव्यांग जनों के हक में एक अत्यंत महत्वपूर्ण फैसला किया है। सरकार ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक बड़ा निर्णय लेते हुए राज्य के सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों, आयोगों और बोर्डों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों ▸▸शेष पेज 6 पर

**सरकार ने जारी किया आदेश**



### तत्काल प्रभाव से लागू होगी व्यवस्था

सामान्य प्रशासन विभाग और समाज कल्याण विभाग के समन्वय से तैयार यह सूची अब राज्य के सभी विभागों के लिए मार्गदर्शिका होगी। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है, जिससे आने वाली नई भर्तियों और लंबित भर्ती प्रक्रियाओं में दिव्यांगजनों को उनका उचित हक मिल सकेगा।

### विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा पर मुहर


राज्य शासन द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने 23 फरवरी 2026 को विभिन्न श्रेणियों के पदों का सूक्ष्म परीक्षण किया। इसके बाद 24 फरवरी 2026 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय समिति की बैठक में इन अनुशंसाओं को अंतिम अनुमोदन प्रदान किया गया। इस निर्णय के साथ ही अब राज्य के समस्त सरकारी सेवा प्रवर्गों में दिव्यांगता की उपयुक्त श्रेणियों के आधार पर पदों का वर्गीकरण स्पष्ट हो गया है।

## होली के पहले खुशखबरी, किसानों को बोनस कल, खाते में जाएंगे 10 हजार करोड़ रुपए

गुड न्यूज

छत्तीसगढ़ के धान उत्पादक किसानों को 28 फरवरी को धान के बोनस की राशि 10 हजार 324 करोड़ रुपए सीधे उनके खातों में दी जाएगी। राज्य सरकार की कृषि उन्नति योजना के तहत यह राशि 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत धान एवं धान बीज उत्पादक ▸▸शेष पेज 6 पर

**साय कैबिनेट ने होली से पहले भुगतान का किया था फैसला**



**मुख्य कार्यक्रम बिलासपुर के बिल्हा में:** इस भव्य राशि वितरण समारोह का मुख्य आयोजन बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड में दोपहर 12:30 बजे से होगा। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लगभग 20 हजार किसानों के जुटने की संभावना है।

### डिजिटल माध्यम से जुड़ेंगे मुख्यमंत्री

बिल्हा में होने वाले मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी विकासखंड स्तरीय आयोजनों में दिखाया जाएगा। मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुछ चुनिंदा लाभार्थी किसानों से सीधा संवाद भी करेंगे। इसके लिए हर जिले में एक विशेष स्थल चयनित किया गया है।

### विकासखंड स्तर पर भी होंगे कार्यक्रम

राजधानी से लेकर विकासखंडों तक उत्सव का माहौल रहेगा। प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में एक-एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहां कम से कम 2 हजार किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। इन कार्यक्रमों में स्थानीय विधायकों, जिला एवं जनपद पंचायत अध्यक्षों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा।

### एनसीईआरटी की किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के चैप्टर पर शीर्ष न्यायालय नाराज

## माफी से नहीं चलेगा काम, कहा-केस बंद नहीं होगा, वापस लाओ सारी किताबें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

**एनसीईआरटी की किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट कड़ा रुख अपना रहा है। गुरुवार को शीर्ष न्यायालय में इस मामले पर सुनवाई हुई। सीजेआई सूर्यकांत ने इसे बड़ी साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा-माफी से काम नहीं चलेगा। केस बंद नहीं होगा। साथ ही सारी किताबों को वापस बुलाने के निर्देश दिए हैं।**

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा आठ की उन किताबों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया, जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर एक अध्याय शामिल है। न्यायालय ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह न्यायपालिका को बदनाम करने के इरादे से की गई 'सुनियोजित साजिश' है, साथ ही अदालत ने भ्रष्टाचार पर अध्याय से संबंधित कक्षा आठ की सभी किताबों, उनकी प्रतियों और डिजिटल स्वरूपों को जब्त करने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, उन्होंने ऐसा आघात किया है, जिससे न्यायपालिका ▸▸शेष पेज 6 पर

### पाठ्यपुस्तक में विवादित अंश

नयी पाठ्यपुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' शीर्षक वाले खंड में कहा गया है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों का भारी बोझ और न्यायाधीशों की पर्याप्त संख्या की कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में से हैं। पाठ्यपुस्तक की सामग्री में यह भी ▸▸शेष पेज 6 पर

**डायरेक्टर और शिक्षा सचिव को नोटिस मंत्री बोले- दोषी बख्शे नहीं जाएंगे**



### सुप्रीम कोर्ट ने दी चेतावनी

सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है कि अगर किताब पर पूर्ण प्रतिबंध संबंधी निर्देशों का किसी भी रूप में उल्लंघन किया जाता है तो गंभीर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से एक बार फिर बिना शर्त माफी की पेशकश की।

### कोर्ट ने कहा, हम गहन जांच चाहेंगे

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, संस्था के प्रमुख के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि मैं इसके लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाऊं। उन्होंने कहा, हम गहन जांच करना चाहेंगे। पीठ ने इसके बाद निर्देश दिया कि केंद्र और राज्यों के शिक्षा विभागों के समन्वय से एनसीईआरटी यह सुनिश्चित करे कि पुस्तक की सभी प्रतियां, चाहे वह 'हार्ड कॉपी' हो या 'सॉफ्ट कॉपी', उन्हें सार्वजनिक पहुंच से हटा दिया जाए। पीठ ने कहा-आगे पुस्तक के किसी भी तरह से प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाता है।

### करोड़ों के असली मुकुट को नकली समझ छोड़ गए

## साईं मंदिर में डाका,7 नकाबपोश डकैतों ने गार्ड को पीटा, बंधक बनाकर आभूषण ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेक्टर-6 स्थित साईं मंदिर में देर रात डकैती की घटना सामने आई है। करीब सात नकाबपोश बदमाश रात लगभग 2.15 से 2.45 बजे के बीच मंदिर परिसर में घुसे और गार्ड को बंधक बनाते हुए उसके साथ मारपीट कर मंदिर में रखे सोने चांदी के आभूषण व कीमती बर्तनों को लेकर फरार हो गए। बताया जाता है कि करीब 28 लाख रुपए के सामान की चोरी हुई है। भिलाई नगर थाना पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार कुछ लोग दीवार फांदकर मंदिर में प्रवेश किए। उसके बाद बदमाशों ने गार्ड के साथ मारपीट करते हुए उसे बंधक बनाया। गार्ड को काबू में करने के बाद मंदिर का ▸▸शेष पेज 6 पर





### आरोपियों की तलाश की जा रही है

सीसीटीवी में चार लोग दिखे हैं। गार्ड को बंधक बनाने के बाद मंदिर का ताला तोड़ते हुए डकैत अंदर प्रवेश किए। चांदी की छत्र और चांदी की बनी पूजा सामग्रियों की चोरी हुई है। मंदिर ट्रस्टी एन प्रभाकर राव की शिकायत पर अपराध दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश की जा ही है।

-सत्यप्रकाश तिवारी
सीएसपी भिलाई नगर


## ब्रेक फेल होने से पिकअप खाई में पलटी, चार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायगढ़

काप़ू-धरमजयगढ़ रोड में मड़वाताल घाट के पास बुधवार की देर शाम करीब सात बजे सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। सगाई कार्यक्रम से लौट रहे पिकअप वाहन का ब्रेक ढलान में फेल होने की वजह से चालक संभाल नहीं ▸▸शेष पेज 6 पर


**मड़वाताल घाट में बड़ा सड़क हादसा, सगाई की खुशियां मातम में बदली**

**20 घायल, 14 को रायगढ़ किया गया था रेफर**



### मालवाहक में सवारी

मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने को लेकर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन ग्रामीण मानते ही नहीं है। इसके पहले दर्जनों ऐसी घटनाएं हो चुकी है जिसमें अधिकांश पिकअप या छोटा हाथी जैसे वाहन में सवारी लेकर चल रहे थे। यह लापरवाही जान माल के नुकसान को आमंत्रित करता है, लेकिन कोई इसका पालन करता नहीं है। सगाई से लौट रहे पिकअप वाहन भी खाई में पटल गई और चार लोगों की मौत हो गई।




## गणेश शंकर नीति आयोग के उपाध्यक्ष



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्रा को राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री मिश्रा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी है। वे राज्य शासन में कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। उनकी नियुक्ति का आदेश राज्य शासन द्वारा 25 फरवरी को जारी किया गया है। खास बात ये है कि राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीति आयोग के पदेन अध्यक्ष हैं। नीति आयोग को पूर्व में राज्य योजना आयोग के नाम से जाना जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 'राज्य योजना ▸▸शेष पेज 6 पर

## हवाई अड्डे पर 23.9 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने थाईलैंड से आए दो भारतीय यात्रियों के पास से 23.9 किलोग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 24 करोड़ रुपए है। यात्री 22 फरवरी को टर्मिनल 3 पर पहुंचे और उन्हें आव्रजन क्षेत्र के 'ग्रीन चैनल' पर रोक लिया गया। उनके सामान की एक्स-रे जांच की गई और उसके बाद विस्तृत जांच की गई। तलाशी के दौरान, अधिकारियों ने हरे रंग के संदिग्ध मादक पदार्थ से भरी पॉलीथीन की 14 थैलियां बरामद कीं - जिनमें से आठ एक ट्रॉली बैग में और छह दूसरे बैग में छिपाई गई थीं। अधिकारियों के अनुसार बरामद पदार्थ का कुल वजन 23,936 ग्राम था।



चिंतन

# रचनात्मक स्वतंत्रता व सामाजिक संवेदनशीलता के बीच हो संतुलन

केरल उच्च न्यायालय ने फिल्म 'केरला स्टोरी 2' की रिलीज पर रोक लगा दी और सेंसर बोर्ड को कहा है कि वह इसे दिए गए प्रमाणपत्र की पुनः समीक्षा करे। असल में फिल्मों के नाम व कथानक को लेकर भारत में विवाद कोई नया नहीं है। हाल ही में एक फिल्म घूसखोर पंडित के टाइटल पर भी तीखा विवाद हुआ था और निर्माता द्वारा नाम बदलने के बाद ही यह मामला शांत हुआ। शायद ही कोई कला माध्यम सिनेमा जितनी तीव्र सार्वजनिक बहस को जन्म देता हो। फिल्में केवल मनोरंजन नहीं करतीं, वे इतिहास की व्याख्या करती हैं, संस्कृति को आकार देती हैं और भावनात्मक प्रतिक्रियाएं भी उत्पन्न करती हैं। इसी कारण फिल्मों को लेकर विवाद इस माध्यम की प्रकृति का हिस्सा हैं। राजनीतिक, धार्मिक, क्षेत्रीय व जातीय विषयों वाली फिल्में अक्सर व्यापक सामाजिक तनावों का केंद्र बन जाती हैं। ताजा विवाद भी कुछ इसी तरह का है। मामले में याचिकाकर्ता का तर्क था कि फिल्म विभिन्न राज्यों की महिलाओं के बारे में है, जिन्हें कथित रूप से फुसलाकर धार्मिक परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता है, लेकिन फिल्म का शीर्षक केरला स्टोरी 2 है, जिससे कथित तौर पर जबरन धर्मांतरण के विषय को केरल राज्य से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। यह भी आरोप लगाया गया कि यह फिल्म कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा कर सकती है। यह फिल्म एक भ्रामक क्षेत्रीय संबंध स्थापित करती है और केरल के लोगों की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को कमजोर करती है। देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहस का विषय रही है। इसे लेकर अनेक बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पैरोकारों के बीच विरोधाभास भी देखने को मिला है। दरअसल, लोग अपनी सुविधा के हिसाब से इस स्वतंत्रता का पक्ष लेते रहे हैं। सिनेमा के क्षेत्र में ऐसा होना कोई अपवाद नहीं है। अधिकांश फिल्म विवादों के मूल में एक केंद्रीय मुद्दा होता है व्याख्या। एक फिल्मकार की दृष्टि अक्सर जनता की धारणा से टकरा जाती है। जब दर्शकों को लगता है कि किसी फिल्म में उनकी पहचान, इतिहास या मूल्यों का गलत चित्रण किया गया है तो विरोध स्वाभाविक हो जाता है। उदाहरण के तौर पर ऐतिहासिक विषय पर बनी फिल्म पद्मावत को रिलीज से पहले ही भारी विरोध का सामना करना पड़ा। यह विरोध फिल्म की वास्तविक सामग्री से अधिक सांस्कृतिक विकृति की आशंका पर आधारित था। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि आजकल विवाद अक्सर फिल्म देखने से पहले ही राजनीतिक और सामाजिक आशंकाओं के कारण खड़े हो जाते हैं। राजनीतिक विषयों पर आधारित फिल्में भी तीखी प्रतिक्रियाओं को जन्म देती हैं। द कश्मीर फाइल्स इसका प्रमुख उदाहरण है, जिसने भारत में गहन राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया। समर्थकों ने इसे ऐतिहासिक पीड़ा का सशक्त चित्रण बताया, जबकि आलोचकों ने इसके कथानक और राजनीतिक दृष्टिकोण पर प्रश्न उठाए। इससे स्पष्ट होता है कि सिनेमा अब केवल कला का माध्यम नहीं, बल्कि वैचारिक विमर्श का मंच भी बन गया है। सोशल मीडिया ने इन विवादों को और अधिक तेज और व्यापक बना दिया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन जैसी संस्थाओं का दायित्व रचनात्मक स्वतंत्रता और सामाजिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाना है, लेकिन उनके निर्णयों की अक्सर दोनों पक्षों से आलोचना होती है। कभी अधिक सख्ती के लिए तो कभी ढील देने के लिए। यह द्वंद्व हमारे समाज की जटिलता को दर्शाता है। हालांकि, कई बार ऐसे विवाद समाज में आवश्यक संवाद को जन्म देते हैं।



विश्लेषण
ऋतुपूर्ण दवे

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति कम, कई बार राष्ट्रविद्रोही की भूमिका में ज्यादा नजर आने लगते हैं। वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है। कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही है, जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रंप की साख गिरी है, न कि अमेरिकी सुप्रीम अदालत की। निश्चित रूप से ट्रंप की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है, कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं।

# क्या ट्रंप सबसे विवादित राष्ट्रपति कहलाएंगे

न्याय तो न्याय होता है फिर वो अपनों के लिए हो या गैरों के लिए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह भी नागवार गुजरा, जब वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। दरअसल अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट में अदालतों की नियुक्ति वहां के राष्ट्रपति करते हैं जो कि आजीवन या जब तक जज सक्षम, स्वस्थ और सक्रिय रहें, तब तक के लिए होती है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में ट्रंप के पहले कार्यकाल के नियुक्त तीन जज थे। इनसे ट्रंप पूरे भरोसे में थे, इतने कि उन्हें अपनी जागीर समझ बैठे। फैसला उनके खिलाफ भला कैसे जाएगा? लेकिन वो ये भूल गए कि जजों ने न्याय करने की शपथ ली थी न कि ट्रंप के हितों की रक्षा की। फैसला आते ही उन्होंने जिन शब्दों में सुप्रीम कोर्ट और खिलाफ फैसला देने वाले जजों पर आरोप लगाए तो निश्चित रूप से अमेरिका की पूरी न्याय प्रणाली पर कटाक्ष था, जो बेहद निंदनीय है। इसी तरह हालिया भारत-पाक युद्ध को रोकने को लेकर अनगिनत बार एकतरफा बोलने वाले ट्रंप इस बार तो इतना कह गए कि यदि वो दोनों का परमाणु युद्ध नहीं रुकवाते तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की हत्या हो जाती।

वाकई ट्रंप, ट्रंप ही हैं और वो अमेरिका के राष्ट्रपति कम, कई बार राष्ट्रविद्रोही की भूमिका में ज्यादा नजर आने लगते हैं। दुनिया भर में इस फैसले की चर्चा इसलिए भी हो रही है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से इसे असंवैधानिक करार दिया। इसमें ट्रंप के नियुक्त जजों ने भी अहम भूमिका निभाई। 6-3 के बहुमत से ट्रंप टैरिफ को असंवैधानिक करार देते हुए 1977 के आईईईपीए कानून यानी 'अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम' (इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनामिक पॉवर ऐक्ट) का हवाला दिया। यह वो अमेरिकी कानून है जो राष्ट्रपति को राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान विदेशी खतरों से निपटने के लिए आर्थिक लेनदेन, आयात-निर्यात और संपत्ति को विनियमित करने का अधिकार देता है। जबकि अमेरिका में ऐसी स्थिति नहीं है। बिना कांग्रेस की सहमति लिए जिद्दी ट्रंप ने दुनिया भर में मनमाने टैरिफ ठोंक दिए। इससे भारत भी अछूता नहीं रहा। फैसला आते ही कुछ देर में ट्रंप ने प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें फैसले की न केवल आलोचना की बल्कि विरोध में फैसला देने वाले खुद के नियुक्त जजों को जमकर कोसा, लताड़ा भी। कोर्ट पर मनमाने आरोप भी लगाए और कहा कि अदालत विदेशी हितों और ऐसे राजनीतिक आंदोलनों से प्रभावित है, जो लोगों की सोच से छोटे हैं। फैसले को अपने चुनाव परिणाम से जोड़ते हुए कहा कि मैं लाखों वोटों से जीता फिर भी धोखाधड़ी हुई, नहीं तो अंतर और बढ़ता बावजूद इसके भारी मतों से जीता। उन्होंने यहां तक कहा कि जो लोग बुरे, अनजान और शोर मचाने वाले हैं, वो चिल्लाकर बोलते हैं। ऐसा लगता है कि कुछ जज इससे डर गए और सही काम नहीं करना चाहते। जस्टिस गोरसच और जस्टिस बैरेट जो ट्रंप के द्वारा नियुक्त थे, ने भी खिलाफ में फैसला दिया, जबकि ब्रेट कैवनॉघ ट्रंप द्वारा नियुक्त वो जज थे, जिन्होंने पक्ष में फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है। कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही



है, जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रंप की साख गिरी है, न कि अमेरिकी सुप्रीम अदालत की। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के साथ बहुमत में न्यायाधीश नील गोरसच और एमी कोनी बैरेट भी शामिल थे। इनकी नियुक्ति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में की थी। सहमति जताने वालों में न्यायाधीश क्लेरेंस थामस, सैमुअल एलिटो और ब्रेट कैवना थे जिनमें कैवना को ट्रंप ने नियुक्त किया था। इन्होंने असहमति मत में लिखा कि वास्तव में टैरिफ आयात को नियंत्रित करने का पारंपरिक और सामान्य उपकरण है तथा आईईईपीए का पाठ, इतिहास तथा पूर्व की तमाम मिसालें प्रशासन के पक्ष का समर्थन करती हैं। जज कैवना ने चेतावनी दी कि इस निर्णय से चीन, ब्रिटेन और जापान जैसे देशों के साथ हुए व्यापार समझौतों पर अनिश्चितता पैदा हो सकती है। हालांकि फैसले में यह साफ नहीं है कि कंपनियों को उन अरबों डॉलर का रिफंड मिलेगा या नहीं, जो दिसंबर 2025 तक ही अमेरिकी खजाने में करीब 133 अरब डॉलर से अधिक जमा हो चुके हैं। इनमें कुछ कंपनियां पहले ही निचली अदालतों में रिफंड का दावा पेश कर चुकी हैं। निश्चित रूप से ट्रंप की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है। कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं। ट्रंप की खिसियाहट इसी से समझ आती है कि एक तो उन्होंने अदालत को भला-बुरा कह कर दुनिया को चौंकाया और यहां तक कि उनके द्वारा नियुक्त विरोध में फैसले देने वाले न्यायाधीशों को देश द्रोही और परिवार में कैसे मुंह दिखाएंगे, तक कह दिया। लगता है कि ट्रंप को न्याय में विश्वास नहीं है और देर-सबेर अमेरिका में यह मांग भी उठेगी कि भारत सहित तमाम देशों की न्याय पालिका के समान वाली साफ और निष्पक्ष व्यवस्था अमेरिका में भी हो, जिससे नियुक्त न्यायाधीश बिना किसी के दबाव में न्याय हित में काम कर सकें। हां, ट्रंप का एक और सुन्दर सपना टूट जरूर गया है लेकिन ट्रंप और विवादों का चोली-दामन का रिश्ता कब और क्या, कुछ नया कर दे, कोई नहीं जानता। फिलाहाल ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ लगाकर, जब चाहें तब बदलकर अपने ही देश की सर्वोच्च अदालत को एक तरह से चुनौती दे डाली। इससे पहले शांति का नोबल पुरस्कार न मिलने पर उनकी हरकतों को दुनिया ने देखा। यह सब उनके पद और गरिमा को देखकर अनुकूल नहीं था। लगता है वो अमेरिका के ऐसे राष्ट्रपति जरूर बनने की ओर हैं जो सबसे विवादित, सनकी, नासमझ और तानाशाह कहलाएंगे। बता दें कि, व्हाइट हाउस में अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ एक संयुक्त प्रेस कार्यक्रम के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने एक महिला पत्रकार से सवाल पूछने के लिए कहा। जब पत्रकार ने चीन की लैटिन अमेरिका में बढ़ती उपस्थिति को लेकर अमेरिका की भूमिका पर एक सवाल किया, तो ट्रंप ने जवाब देने के बजाय उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस की ओर मुड़कर कहा, 'मुझे बस उनकी बातें सुनना अच्छा लगता है।' इसके बाद दोनों को हंसते हुए देखा गया, और फिर ट्रंप ने वापस पत्रकार की ओर मुड़कर कहा, 'बशाबाश...शाबाश...शुक्रिया, डार्लिंग।' यह वीडियो ऑनलाइन तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने ट्रंप को आड़े हाथों लिया।

इससे पहले, ट्रंप ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को दिए गए एक अटपटे कॉम्पलीमेंट को लेकर भी सुर्खियां बटोरी थीं। शर्म अल-शेख में एक गाजा शांति शिखर सम्मेलन के दौरान वैश्विक नेताओं को धन्यवाद देते समय ट्रंप ने मेलोनी की ₹खूबसूरती₹ पर जोर दिया और पूछा कि क्या वह इस तारीफ से नाराज तो नहीं हैं। बहरहाल, ऐसे खिसियाए ट्रंप को देखकर लोग यही कह रहे हैं 'जिन्हें हम हार समझे थे गले अपने लगाने को, वही काले नाग बन बैठे हमें ही काट खाने को।'

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

शहीदी दिवस

सुनील कुमार महला



# चंद्रशेखर आज़ाद : क्रांति, साहस व आत्मसम्मान की अमर गाथा

महान क्रांतिकारी, अदम्य साहस, अटूट देशभक्ति और आत्मसम्मान के प्रतीक चंद्रशेखर आज़ाद का आज 27 फरवरी को शहीद दिवस है। वर्ष 1931 में इसी दिन उन्होंने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के चंद्रशेखर आज़ाद पार्क (तत्कालीन अल्फ्रेड पार्क) में अंग्रेजों से घिर जाने पर वीरगति प्राप्त की। इनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में हुआ तथा उनका बचपन झाबुआ जिले के भाबरा गांव में बीता, जहां उनके अधिकांश मित्र भील जनजाति के बालक थे। उनके साथ रहते हुए उन्होंने बचपन में ही धनुष-बाण चलाने में दक्षता हासिल कर ली, जो आगे चलकर उनकी अचूक निशानेबाजी का आधार बनी। इनका वास्तविक नाम चंद्रशेखर तिवारी था और 'आज़ाद' नाम उन्होंने स्वयं अदालत में घोषित किया था। दिसंबर 1921 में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण जब उन्हें गिरफ्तार किया गया तो मजिस्ट्रेट के सामने उन्होंने अपना नाम 'आज़ाद', पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और पता 'जेलखाना' बताया। सजा के रूप में उन्हें 15 कोड़े लगाए गए, जिसके बाद से वे 'आज़ाद' के नाम से प्रसिद्ध हो गए।


उनकी माता जगरानी देवी चाहती थीं कि वे संस्कृत के विद्वान बनें, इसलिए उन्हें पढ़ाई के लिए वाराणसी के काशी विद्यापीठ भेजा गया, किंतु जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उनकी सोच बदल दी और वे क्रांतिकारी मार्ग पर चल पड़े। उनकी जुबां पर अक्सर एक शेर रहता था-'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आज़ाद ही रहे हैं, आज़ाद ही रहेंगे।' आज़ाद ने शपथ ली



थी कि वे कभी अंग्रेजों के हाथ जीवित नहीं पकड़े जाएंगे और उन्होंने अंत तक अपने इस वचन को निभाया भी। वे भेष बदलने की कला में अत्यंत निपुण थे तथा कई बार पुलिस के सामने से निकल गए और उन्हें पता भी नहीं चला। पुलिस से बचने के लिए वे साधु/संन्यासी बनकर भी रहे और बच्चों को पढ़ाया। झांसी के पास ओरछा के जंगलों में उन्होंने 'पंडित हरिशंकर ब्रह्मचारी' नाम से संन्यासी रूप में निवास किया तथा साथियों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। उनकी फुर्ती और तेज दिमाग के कारण साथी उन्हें 'क्विक सिल्वर' (पारा) कहते थे। वे क्रांतिकारी संगठन के वरिष्ठ नेता थे और युवाओं को प्रशिक्षण देते थे, जिनमें भगत सिंह भी शामिल थे। भगत सिंह उन्हें सम्मान से 'पंडित जी' कहते थे। दोनों की जोड़ी को 'आग और हवा' की तरह माना जाता था, जहां भगत सिंह वैचारिक रूप से गहरे थे, वहीं आज़ाद संगठन संचालन और क्रांतिकारी कार्रवाई में निपुण थे। महात्मा गांधी द्वारा 1922 में असहयोग आंदोलन स्थगित किए जाने के बाद वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचआरए) से जुड़े। क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए धन जुटाने हेतु 1925 में काकोरी ट्रेन कार्रवाई की गई। बाद में संगठन का पुनर्गठन कर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) बनाया गया, जिसकी स्थापना 1928 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में आज़ाद, भगत सिंह, सुखदेव थापर और जोगेश चंद्र चटर्जी सहित अन्य साथियों ने की। उल्लेखनीय है कि आज़ाद 1929 में लॉर्ड इरविन की ट्रेन पर बम फेंकने की योजना में भी शामिल थे। 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। उन्होंने अपने साथी सुखदेव राज को सुरक्षित निकल जाने का अवसर दिया और स्वयं लगभग 40 मिनट तक अकेले पुलिस से लोहा लेते रहे। उस समय उनके पास केवल एक छोटी कोल्ट पिस्तौल थी। जब अंतिम गोली बची तो अपनी प्रतिज्ञा निभाते हुए उन्होंने स्वयं को गोली मार ली और वीरगति प्राप्त की। जानकारी मिलती है कि उनकी मृत्यु के बाद भी ब्रिटिश पुलिस उनके पास जाने से डर रही थी। पुष्टि करने के लिए दूर से उनके शरीर पर गोलियां चलाई गईं, तब जाकर वे पास पहुंचे। आज़ाद अत्यंत सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि कई बार संगठन के लिए धन बचाने हेतु स्वयं भूखे रह जाते थे, लेकिन अपने साथियों की जरूरतें वे पहले पूरी करते थे। उनकी शहादत के बाद काफी समय तक उनकी माता को पूरी जानकारी नहीं दी गई थी, ताकि उन्हें गहरा सदमा न पहुंचे। निष्कर्षतः चंद्रशेखर आज़ाद ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि स्वतंत्रता, स्वाभिमान और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ संकल्प, त्याग और साहस से असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।


## गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित
प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

## समय से पहले खिले फूल



श्रीनगर के बादामवारी में गुरुवार को एक तितली बादाम के फूलों पर मंडराती हुई, इस साल पेड़ों पर असामान्य रूप से फूल जल्दी खिले हैं, जो मौसम के बदलते पैटर्न का संकेत है।

## आज की पाती

### विधायकों के भत्ते या फिजूलखर्ची

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली सुविधाएं हमेशा चर्चा और बहस का विषय रही हैं। वेतन और भत्तों का मूल उद्देश्य यह माना जाता है कि निर्वाचित प्रतिनिधि आर्थिक चिंता से मुक्त होकर जनता की सेवा कर सकें। लेकिन जब इन सुविधाओं का आकार बढ़ता है और उनके उपयोग में पारदर्शिता कम दिखाई देती है, तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठते हैं। हाल ही में बिहार विधानसभा द्वारा विधायकों और विधान पार्षदों के लिए मासिक टेलीफोन भत्ता बढ़ाकर 8300 रुपए करने का निर्णय सामने आया है। इस फैसले की सबसे खास बात यह है कि यह राशि बिना किसी बिल या वाउचर के दी जाएगी। यानी खर्च का प्रमाण देना अनिवार्य नहीं होगा। यही कारण है कि यह विषय अचानक सार्वजनिक चर्चा का केंद्र बन गया है। **- ललित बंझोर**, रायपुर

## ट्रेंड

### मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स



हमारी सरकार ने गोंदिया-जबलपुर, पुनारख-किऊल और गम्हरिया-चांडिल के बीच तीन मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में आर्थिक विकास तेज होने के साथ-साथ रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आतंकवाद स्वीकार नहीं



भारत और इजरायल पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि आतंकवाद का दुनिया में कोई स्थान नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी अभिव्यक्ति में, आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता।हम कंधे-से-कंधा मिलाकर आतंकवाद और उनके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

**-पियुष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### गोवा में मिला अवसर



गोवा ने हमें एक छोटा सा अवसर दिया है, हम पूरी ईमानदारी और क्षमता से काम कर रहे हैं। हमें पूरे राज्य की सेवा करने का मौका दीजिए, और हम शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सड़कें, बिजली और पानी जैसी व्यवस्थाओं में पंजाब की तर्ज पर बदलाव लाएंगे।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### ट्रंप की धमकी



आप सब जानते हैं, रूस हमारा पुराना दोस्त, हमको तेल बेचता था, ईरान हमको तेल बेचता था, हम सस्ते में वहां से लेते थे, लेकिन ट्रंप ने धमकी दी और ये बोले- यस सर। ट्रंप जो कहते हैं उसको- यस सर।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

### ब्रिटेन में हिंदू मंदिर के बंद होने का खतरा



पूर्वी ब्रिटेन के पीटरबरो शहर में एक परिसर में मौजूद 40 साल पुराने हिंदू मंदिर और कम्युनिटी सेंटर के बंद होने का डर है, क्योंकि स्थानीय प्राधिकारियों ने इस भवन को बेचने के फैसले को सही ठहराया है जो मंदिर के लिए किराये पर दिया गया है। भारत हिंदू समाज मंदिर की स्थापना 1986 में शहर के न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स में हुई थी और कैम्ब्रिजशायर, नॉरफॉक तथा लिंकनशायर के बड़े इलाके के 13,000 से अधिक हिंदू यहां दर्शन करने आते हैं। मंदिर प्रशासन पीटरबरो सिटी काउंसिल से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए अभियान चला रहा है। इस महीने की शुरुआत में काउंसिल कैबिनेट की बैठक में यह कहा गया कि संपत्ति की बिक्री से करदाताओं के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल्य दिलाने की उसकी कानूनी जिम्मेदारी/" है। वहीं, मंदिर ने एक बयान में कहा, हम भारत हिंदू समाज से जुड़े भवन की बिक्री की कड़ी निंदा करते हैं। समुदाय द्वारा बनाई गई संस्था को बंद दरवाजों के पीछे बिना पारदर्शिता या सहमति के नहीं बेचा जाना चाहिए। इसमें कहा गया, ' 'यह सिर्फ संपत्ति के बारे में नहीं है, बल्कि विरासत, भरोसे और जवाबदेही के बारे में है। समुदाय जवाब पाने का हक रखता है, गोपनीयता का नहीं। इस फैसले पर सवाल उठाए जाने चाहिए और इसका विरोध किया जाना चाहिए।''

## ऑफ बीट

### मानसिक समस्या जितनी गंभीर, सहानुभूति उतनी कम



समाज में चिंता (एंग्जायटी), अवसाद (डिप्रेशन) और एडीएचडी जैसी कुछ मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को पहले की तुलना में अब अधिक स्वीकार्यता मिली है। लोग अब कार्यस्थल, घर और सोशल मीडिया पर इनके बारे में खुलकर बात कर पाते हैं और अक्सर उन्हें सलाह भी मिलती है। यह बदलाव महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मदद मांगना आसान हुआ है और संस्थानों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को आधार बना कर कड़े कदम उठाना कठिन हो गया। लेकिन सार्वजनिक सहानुभूति समान रूप से नहीं मिलती है। कुछ स्थितियां व्यापक रूप से समझी जाती हैं, जबकि अन्य को अब भी संदेह और कठोर निर्णय का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे लोग कुछ बीमारियों से परिचित होते जाते हैं, वे बीमारियां मानसिक रोग की /"स्वीकार्य/" छवि तय करने लगती हैं। जो लक्षण इस छवि में फिट नहीं बैठते, उन्हें अलग नजर से देखा जाता है। यहां बात 'अस्वीकार्यता' से संबंधित है। शोध से पता चलता है कि अवसाद और चिंता के प्रति सामाजिक नजरिया नर्म है, जबकि शिज़ोफ्रेनिया और व्यक्तित्व विकारों (जैसे बॉर्डरलाइन या नार्सिसिस्टिक पर्सनैलिटी डिसऑर्डर) के प्रति समाज में अधिक दूरी और भय वाली सोच है। नौ अलग-अलग निदानों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि लोगों द्वारा दूरी बनाए रखने की इच्छा शिज़ोफ्रेनिया और पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के मामलों में सबसे अधिक थी।

बिलासपुर
शुक्रवार 27 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी
वर्ष : 25, अंक : 336
पृष्ठ : 12+6 =18, मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 33.6
न्यून. 18.4

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# नक्सलियों के गढ़ बीजापुर में होगा अंतिम युद्ध, 83 माओवादी अब भी मौजूद

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

नक्सल प्रभावित जिलों की कहानी 6

केन्द्र सरकार द्वारा जारी नक्सल प्रभावित जिलों की सूची में छग के छह जिले में सर्वाधिक नक्सल प्रभावित अंतिम जिला बीजापुर भी शामिल है। बीजापुर जिले की भगौलिक परिस्थिति अन्य जिलों से भिन्न है। इस जिले में एसजेडसीएम व पश्चिम बस्तर डिविजन का इंचार्ज पापाराव है, जो दो दिन पूर्व तेलंगाना में आत्मसमर्पण करने वाले केंद्रीय समिति सदस्य मुरली उर्फ संग्राम के का बेहद खास सिपहसलार है। पश्चिम बस्तर डिविजन का गंगालूर एरिया के अलावा नेशनल पार्क ▶▶|शेष पेज 6 पर

## माओवादियों का अंतिम गढ़ भी होगा जल्द नक्सलमुक्त



पश्चिम बस्तर डिविजन का गंगालूर व बासागुड़ा अपनी भागौलिक स्थिति के चलते माओवादियों का सेफ जोन माना जाता रहा है। अबूझमाड़ भी लगभग क्लियर हो चुका है और अंतिम गढ़ बीजापुर ही बचा है, जिस पर हमारा पूरा फोकस है। जल्द ही समर्पण नहीं करने पर बचे हुए नक्सलियों को समाप्त कर बीजापुर को नक्सलमुक्त कर लिया जाएगा, जिसके लिए हम प्रयासरत है।

- सुन्दरराज पट्टलिंगम

## छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद खात्मे की ओर



## 33 दिन शेष निशाने में होंगे पापाराव, विज्जा हेमला, झितरू केशा, शंकर, प्रकाश व अन्य 77

बीजापुर जिले में बचे हुए शीर्ष नक्सलियों में एसजेडसीएम व पश्चिम बस्तर डिविजन का इंचार्ज पापाराव कुड़म उर्फ सुन्नम चंद्रैया उर्फ मंगू के अलावा डीवीसीएम व दक्षिण बस्तर डिविजन मिलिट्री कमाण्डर इन चीफ विज्जा हेमला, प्लाटून नम्बर 12 का इंचार्ज व कमाण्डर डीवीसीएम शंकर मुचाकी, प्लाटून 2 का कमाण्डर डीवीसीएम प्रकाश माड़वी, पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 व कम्पनी नम्बर 2 का सीवायपीसीएम कमाण्डर केशा सोढ़ी, प्लाटून नम्बर 13 का इंचार्ज डीवीसीएम झितरू ओयाम उर्फ अशोक समेत 83 हथियारबंद ▶▶|शेष पेज 6 पर

## 787 दिन में 233 हार्डकोर नक्सली ढेर, 268 हथियार बरामद

केन्द्र सरकार के 31 मार्च 2026 को नक्सलवाद के खात्मे के डेडलाइन को मात्र 33 दिन शेष बचे हैं, इस डेट के ऐलान के बाद से ही सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिला बीजापुर में सुरक्षाबलों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षाबलों द्वारा वर्ष 2024 व 2025 में सर्वाधिक 221 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया गया, मारे गए नक्सलियों में केन्द्रीय समिति सदस्य से लेकर नक्सल कमाण्डरों व डीकेएसजेडसीएम को मार गिराया। वहीं इस वर्ष बीते 57 दिन में 12 हार्डकोर नक्सली मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं। बीते 787 दिन में सुरक्षाबलों ने 233 हार्डकोर नक्सली को ढेर कर चुके है। वहीं 268 हथियार भी बरामद किया जा चुका है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

भारत-इजरायल के बीच कई अहम समझौते, मोदी बोले- हमें अपनी दोस्ती पर गर्व

# अब इजरायल में भी चलेगा भारतीय यूपीआई एआई-शिक्षा और सुरक्षा पर होंगे साथ-साथ

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय तेल अवीव यात्रा के दौरान भारत और इजराइल के बीच संबंधों में एक नया अध्याय जुड़ा है। दोनों देशों के बीच 16 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। प्रधानमंत्री मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद दोनों देशों ने आर्थिक, सुरक्षा और कूटनीतिक क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया है कि इजराइल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा।*



एजेंसी ▶▶| यरुशलम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत और इजराइल के बीच के समय की कसौटी पर खरे उतरे रिश्तों को 'स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप' का दर्जा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य उन लोगों का है जो नवाचार करते हैं। समझौते के तहत, दोनों देश शिक्षा में ▶▶|शेष पेज 6 पर

## दोनों देशों के बीच 16 महत्वपूर्ण समझौते

### मोदी बोले- आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं

*प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खतरे का जिक्र करते हुए कहा कि भारत और इजराइल इस खतरे का एकजुट होकर सामना करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, भारत और इजराइल इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं कि दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी अभिव्यक्ति में, आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, हम आतंकवाद और उसके समर्थकों का विरोध करने में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं, और हम ऐसा करना जारी रखेंगे।*



### फ्री ट्रेड डील पर बातचीत मई में

पीएम मोदी ने कहा कि इजरायल और भारत के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही दोनों देश इसे अंतिम रूप दे सकते हैं। इधर, वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि भारत और इजराइल के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले दौर की बातचीत मई में होगी। दोनों पक्षों ने यहां चार दिवसीय बातचीत का पहला चरण पूरा किया। मंत्रालय ने कहा कि दोनों देश वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, स्वच्छता और पादप-स्वच्छता उपायों, व्यापार में तकनीकी बाधाओं, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं, बौद्धिक संपदा अधिकारों, डिजिटल व्यापार और अन्य महत्वपूर्ण अध्यायों सहित कई क्षेत्रों पर बातचीत कर रहे हैं।

### मोदी-नेतन्याहू की वार्ता

- **रक्षा और रणनीतिक साझेदारी :** दोनों देशों ने सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई।
- **मुक्त व्यापार समझौता :** दोनों पक्षों ने पारस्परिक लाभ वाले एफटीए को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।
- **यूपीआई-1 समझौता :** भारत के भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और इस्राइल की Masav के बीच UPI सिस्टम को जोड़ने पर सहमति।
- **एआई :** शिक्षा और उभरती तकनीकों में एआई के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए अलग समझौता।
- **साइबर सुरक्षा :** साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर।
- **कृषि और नवाचार :** 'इंडिया-इस्राइल इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर' स्थापित करने का फैसला।
- **मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर :** इस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर सहमति। ▶▶|शेष पेज 6 पर

# धान पर स्थगन स्वीकार नहीं, गर्भगृह में पहुंचे कांग्रेस विधायक, स्वमेव हुए निलंबित

## शून्य काल में धान खरीदी के मामले में विपक्ष ने लाया स्थगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में शून्यकाल में विपक्ष ने धान खरीदी का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की नीति को फेल बताते हुए विस्तार से चर्चा के लिए स्थगन का प्रस्ताव दिया। सभापति धरम लाल कौशिक द्वारा स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य करने पर कांग्रेस विधायक सदन में नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में पहुंचे, इसके साथ ही सदस्य सदन से स्वमेव निलंबित हुए।



नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, धान खरीदी के मामले में सरकार की नीति फेल रही है। किसान परेशान होते रहे। पहले दिन से ही किसानों को चोर समझा। किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा गया। किसानों को टोकन के नाम पर परेशान किया गया। अंग्रेजों के जमाने से भी बुरी स्थिति रही है, इस पर हमने स्थगन प्रस्ताव दिया है, इस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। उमेश पटेल ने कहा, किसानों ▶▶|शेष पेज 6 पर



### सभापति ने किया अग्राह्य



*सभापति धरम लाल कौशिक ने कहा, बजट सत्र में आय-व्यय पर चर्चा होती है। स्थगन अग्राह्य होने पर विपक्ष ने सदन में की नारेबाजी की। गर्भगृह में पहुंचे सदस्य सदन से स्वमेव निलंबित हो गए।*

### पूर्व विधायक को देना पड़ा धरना

कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि पूर्व विधायक को धान बेचने के लिए धरना देना पड़ा है। जनप्रतिनिधियों को, किसानों को परेशान होना पड़ा है। यशोदा वर्मा ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ में किसानों को परेशान होना पड़ा है। किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा गया। एक किसान ने परेशान होकर कलेक्ट्रेट के सामने आत्महत्या की कोशिश की। ओंकार साहू ने कहा कि धमतरी जिले में भी किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। रकबा समर्पण से किसानों की हालत खराब हुई है। किसान कर्ज में डूबे हुए हैं।

### किसानों को चोर समझा गया- भूपेश



भूपेश बघेल ने कहा, सरकार की मंशा पहले स्पष्ट है कि धान और किसान पर चर्चा नहीं करानी है। छत्तीसगढ़ में आज अधिकारी राज चल रहा है। किसानों के घर में, खलिहान में जबरदस्ती प्रवेश किया गया। धान बेचने के लिए टोकन मांगने पर किसानों के घर अधिकारी भेजे गए। किसानों को चोर समझा गया। यह बेहद गंभीर मामला है, इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मेरे घर पर भी अधिकारी बलात ▶▶|शेष पेज 6 पर

### किसानों को प्रताड़ित किया गया

ब्यास कश्यप ने कहा, जांजगीर जिले में 93 प्रतिशत किसान का ही धान खरीदा गया। किसानों को प्रताड़ति किया गया। किसानों को अपने हक के लिए लड़ना पड़ा है, उनके लिए एफआईआर हुई। द्वारिकाधीश यादव ने कहा, धान और किसान का मुद्दा छत्तीसगढ़ के हित से जुड़ा है। किसान आज भी उम्मीद में है कि फिर से खरीदी होगी, लेकिन किसानों को परेशान करने का काम किया गया। रामकुमार यादव ने कहा कि किसान को समर्पण कराने के लिए मजबूर किया गया। किसानों को डराने के लिए पुलिस को भेजा गया। बालेश्वर साहू ने कहा, जो किसान धान नहीं बेच पाए हैं, उनकी खरीदी होनी चाहिए। किसानों का कर्ज माफी होनी चाहिए। विक्रम मंडावी ने कहा, किसानों का यह प्रदेश है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक किसान परेशान हैं। किसानों के हित में स्थगन पर चर्चा होनी चाहिए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### डिजिटल तरीके से होगी जनगणना



**नई दिल्ली।** देश में वर्ष 2027 की जनगणना पूरी तरह से डिजिटल तरीके से की जाएगी। देश में हर 10 वर्ष में जनगणना होती है। 2027 की जनगणना के केंद्र में जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली होगी, जो एक विशिष्ट डिजिटल पोर्टल है। इसे दुनिया के सबसे बड़ी प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### 1 मार्च से बिना सिम कार्ड के नहीं चलेगा व्हाट्सएप

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि सिम बाइंडिंग नियम में कोई ढील नहीं दी जाएगी। यह नियम व्हाट्सएप के अलावा टेलीग्राम और सिग्नलजैसे मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर भी लागू होगा। ताजा जानकारी के मुताबिक, 1 मार्च 2026 से सभी कंपनियों को इस व्यवस्था का पालन करना अनिवार्य होगा। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हाल ही में दिए एक बयान में कहा था कि फिलहाल नियमों को मानने की समय-सीमा आगे बढ़ाने पर कोई विचार नहीं है।

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तान की 15 चौकियों पर किया कब्जा!

## पाकिस्तानी हवाई हमलों के बाद जवाबी कार्रवाई



एजेंसी ▶▶| काबुल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान में एक बार फिर भीषण लड़ाई शुरू हो गई है। पाकिस्तानी सेना की ओर से किए गए हवाई हमलों के जवाब में अफगान सीमा बलों ने पूर्वी प्रांतों में लड़ाई शुरू कर दी है। अफगानिस्तान सरकार ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान की 15 सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया है, कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए जबकि कुछ को जिंदा पकड़ा गया है। अफगानिस्तान के सैन्य कोर के पूर्वी क्षेत्र के मीडिया कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि गुरुवार रात भारी संघर्ष शुरू हो गए हैं। उसने कहा कि ये हमले पाकिस्तानी सेना द्वारा नंगरहार और पक्तिया प्रांतों में किए गए हालिया हवाई हमलों के जवाब में किए गए। अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बृहस्पतिवार रात 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पाकिस्तानी सेना द्वारा बार-बार की जाने वाली कार्रवाई के जवाब में, 'डूरंड लाइन' के साथ स्थित पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रामक अभियान शुरू किए गए।



### बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान

अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के अनुसार, पाकिस्तानी सैन्य बलों की ओर से बार-बार की गई उकसावे वाली कार्रवाई और उल्लंघनों के जवाब में विवादित डूरंड लाइन के आसपास बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किया गया है। मुजाहिद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पाकिस्तानी सेना के ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए यह व्यापक कार्रवाई शुरू की गई है।

### पाकिस्तान ने की थी एयरस्ट्राइक

इससे पहले, रविवार को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के उप गृहमंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में टीटीपी के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डॉन ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था।

### खोस्त, पकतिया और नूरिस्तान में शुरू हुई लड़ाई

अफगान रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी कि खोस्त, पकतिया और नूरिस्तान प्रांतों सहित कई अन्य क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। मंत्रालय का कहना है कि सीमा के इन हिस्सों में जारी ऑपरेशन पाकिस्तान की ओर से की गई सैन्य गतिविधियों के जवाब में हैं। वर्तमान में कई स्थानों पर झड़पें जारी हैं और सीमा पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं।

# सीएम ने साथियों के साथ देखी संघ की 100 बरस की यात्रा, 'शतक' टैक्स फ्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को राजधानी रायपुर स्थित जोरा मॉल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित फिल्म 'शतक' देखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय के साथ मंत्रिमंडल के सदस्य तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने फिल्म के प्रदर्शन के बाद कहा कि 'शतक' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, जनसेवा और ▶▶|शेष पेज 6 पर

### संघ ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

*सीएम साय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शिक्षा, सेवा और सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य किया है। आपदा, संकट और सामाजिक आवश्यकताओं के समय संघ कार्यकर्ताओं की सेवा भावना ने समाज को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साय ने कहा कि जनसेवा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की यही प्रेरणा शासन के कार्यों में भी मार्गदर्शक बनती है। उन्होंने*

# जैगुर-डोडुम मुठभेड़, मारे गए 10 लाख के इनामी दो एरिया कमेटी मेंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर स्थित इंद्रावती नदी क्षेत्र के जैगुर-डोडुम इलाके में गुरूवार सुबह हुए मुठभेड़ में संयुक्त सुरक्षाबल ने एक महिला समेत दो वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ स्थल से दोनों के शव के अलावा ▶▶|शेष पेज 6 पर





### 5-5 लाख के इनामी हिचामी व मनकी

एसपी ने बताया कि जांगला थाना क्षेत्र के जैगुर-डोडुम में भैरमगढ़ एरिया कमेटी के सशस्त्र माओवादी कैडरों की उपस्थिति की सूचना पर 25 फरवरी की शाम से संयुक्त टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन प्रारंभ ▶▶|शेष पेज 6 पर

## डीजीसीए के नए नियम से हवाई यात्रियों को बड़ी राहत

# बुकिंग के 48 घंटे के अंदर टिकट रद्द किया तो पूरा रिफंड!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन टिकट रिफंड नियमों में संशोधन किया है। अब यात्री हवाई टिकट बुकिंग के 48 घंटे के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकट रद्द या बदल सकते हैं, बशर्ते कुछ शर्तें पूरी हों। डीजीसीए ने यात्रियों के अनुकूल संशोधित नियम जारी किए हैं। इसके तहत एयरलाइन को यह सुनिश्चित करना होगा कि यदि यात्री टिकट बुकिंग के 24 घंटे के भीतर अपने नाम में कोई गलती दिखाए और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट से बुक किया गया हो, तो इसका कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। डीजीसीए ने कहा, यदि टिकट ट्रैवल एजेंट या पोर्टल के माध्यम से खरीदी गई है, तो रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइन की होगी क्योंकि एजेंट उनके नियुक्त प्रतिनिधि हैं।

## यात्रियों के अनुकूल संशोधित नियम जारी

### देना होगा 'लुक-इन' विकल्प

अब एयरलाइन को यात्रियों को टिकट बुकिंग के 48 घंटे के लिए 'लुक-इन' विकल्प प्रदान करना होगा। इस अवधि में यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकट रद्द या संशोधित कर सकता है, बस संशोधित उड़ान के लिए सामान्य प्रचलित किराए का भुगतान करना होगा।



### टिकट रिफंड का मुद्दा क्यों आया

टिकट रिफंड का मुद्दा दिसंबर 2025 में इंडिगो की उड़ानों में बाधा के दौरान भी सामने आया था, जब विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन को निर्देश दिया था कि रिफंड को तय समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। संशोधित नियम 24 फरवरी को जारी किया गया।

### रिफंड की समय-सीमा तय

क्रेडिट कार्ड से भुगतान होने पर 7 दिनों के भीतर रिफंड करना होगा। एयरलाइन ऑफिस में नकद भुगतान होने पर तुरंत रिफंड देना होगा। डीजीसीए ने कहा कि कैंसिलेशन या नो-शो की स्थिति में एयरलाइन को सभी सरकारी टैक्स और यात्री से जुड़े शुल्क वापस करने होंगे, भले ही बेस फेयर नॉन-रिफंडेबल क्यों न हो।




## चिंतित सुप्रीम कोर्ट ने मानवाधिकार आयोग को भी भेजा नोटिस

# झूठी शिकायतों और फर्जी मुकदमों पर होगी सजा! केंद्र और राज्यों को नोटिस

## पीआईएल में सुनवाई के दौरान सुको ने दिखाए कड़े तेवर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को नोटिस जारी किया है। नोटिस में वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर जवाब मांगा गया है। याचिका में केंद्र और राज्य अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की गई है कि सभी पुलिस स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों पर यह डिस्प्ले किया किया जाए कि झूठी शिकायतें, आरोप, बयान, सूचना और साक्ष्य दर्ज कराने पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के उचित कानूनी प्रावधानों के तहत शिकायतकर्ता को सजा होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इन सभी बातों पर केंद्र और राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।



### याचिका में दिए गए सुझाव

- पुलिस थानों, कोर्ट और पंचायतों में सूचना बोर्ड लगाए जाएं. इनमें यह बताया जाए कि झूठी शिकायत के लिए कानूनन क्या सजा मिल सकती है
- शिकायत दर्ज करते समय आरोपों की सत्यता की पुष्टि करने वाला एक अनिवार्य शपथ पत्र लिया जाए
- झूठी गवाही और फर्जी सबूतों से निपटने वाले कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए।

### बेंच ने जनहित याचिका का मकसद बताया

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जनहित याचिका (पीआईएल) का उद्देश्य फर्जी मामलों में फंसाए जाने वाले निर्दोष नागरिकों के अधिकारों और गरिमा की रक्षा करना है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में झूठे शिकायतकर्ता के खिलाफ दंड का प्रावधान है, जबकि पहले इंडियन पैनल कोड (आईपीसी) में यह नहीं था। पीआईएल में यह मांग भी की गई है कि शिकायतकर्ता को भी नए नियम का संज्ञान होना चाहिए कि अगर उसके द्वारा की गई शिकायत, लगाया गया आरोप, दिया गया बयान, दी गई सूचना झूठी निकली तो शिकायतकर्ता को कानून के अनुसार दंड मिलेगा।


## मणिपुर हिंसा : जांच समिति को 3 साल से पेमेंट नहीं, केंद्र सरकार पर भड़का सुको

मणिपुर में वर्ष 2023 में हुई हिंसा से जुड़े मामलों की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में एक अहम तथ्य सामने आया, जिस पर अदालत ने कड़ी नाराज़गी जताई। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया गया कि मणिपुर हिंसा की जांच और राहत कार्यों की निगरानी के लिए गठित अदालत-नियुक्त समिति को 2023 से अब तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी गई कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बनी इस समिति के किसी भी सदस्य को अब तक प्रतिपूर्ति (रीइंबर्समेंट) की राशि नहीं मिली है। इस पर सीजेआई ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अदालत के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद समिति के सदस्यों को भुगतान न होना गंभीर विषय है। पीठ ने कहा कि अंतरिम राहत के तौर पर समिति के तीनों सदस्यों को फिलहाल 10-10 लाख रुपये दिए जाएं. अदालत ने स्पष्ट किया कि यह राशि अभी केंद्र सरकार जारी करेगी और बाद में राज्य सरकार इसके हिस्से का भुगतान साझा करेगी।

### मणिपुर पर निगरानी रखे हुए है कोर्ट

मणिपुर हिंसा से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट लगातार निगरानी रखे हुए है। राज्य में हिंसा की घटनाओं के बाद शीर्ष अदालत ने स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए विशेष समिति और सीबीआई जांच के निर्देश दिए थे। जांच समिति में जस्टिस शालिनी जोशी, जस्टिस गीता मित्तल और जस्टिस आशा मेनन शामिल हैं।

## स्कूल में खेलते हुए छोटी बच्ची को हार्ट अटैक, मौत



### 4 माह पहले भाई ने भी इसी तरह तोड़ा था दम

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान में चिंतित करने वाला मामला सामने आया है। एक प्राइवेट स्कूल में 5वीं कक्षा की छात्रा की खेलते हुए हार्टअटैक से मौत हो गई। बच्ची खेलते हुए अचानक अचेत होकर गिर पड़ी और चंद मिनटों में उसकी जान चली गई। डॉक्टरों ने प्रारंभिक तौर पर इसकी वजह हार्ट अटैक को बताया है। इतनी कम उम्र की बच्ची को हार्ट अटैक आना विशेषज्ञों को हैरान करने वाला है, क्योंकि बच्ची की कोई मेडिकल हिस्ट्री भी नहीं थी। जानकारी के अनुसार, गोटन उपखंड क्षेत्र के टालनपुर कस्बे निवासी राजेंद्र की 9 वर्षीय पुत्री दिव्या एक प्राइवेट स्कूल में 5वीं कक्षा की छात्रा थी। वह रोज की तरह सुबह करीब 7बजे स्कूल पहुंची थी। स्कूल में प्रार्थना सभा चल रही थी, इसी दौरान अचानक दिव्या बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी।

### गुवाहाटी हाईकोर्ट ने लिया एक्शन

# 'मियां मुस्लिम' वाली हेट स्पीच पर असम सीएम सरमा को नोटिस जारी

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

गुवाहाटी हाई कोर्ट ने गुरुवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को नोटिस जारी किया है। एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह एक्शन लिया है। याचिका में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को राज्य अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हेट स्पीच देने से रोकने के निर्देश देने की मांग की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, जनहित याचिका में कहा गया है कि सीएम हिमंता बिस्वा सरमा के कथित हेट स्पीच के सार्वजनिक वीडियो होने के बावजूद असम पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज नहीं की है। याचिका में दावा किया गया है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई न होने से भय का माहौल पैदा होता है।



### इन्होंने दायर की याचिका

यह याचिका असमिया स्कॉलर डॉ. हिरेन गोहेन और दो अन्य ने जनहित याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश आशुतोष कुमार और न्यायमूर्ति अरुण देव चौधरी की खंडपीठ ने कहा कि भारत सरकार, असम राज्य, उपमुख्यमंत्री और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को नोटिस जारी किए जाएं। न्यायालय ने अंतरिम राहत की याचिका पर भी नोटिस जारी किया।

### टिप्पणियों का पूरे देश पर प्रभाव पड़ा : सिंघवी

याचिकाकर्ताओं में से एक के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मुख्यमंत्री हिमंता सरमा के कथित भाषण से संबंधित बयानों और वीडियो का हवाला दिया। सिंघवी ने छत्तीसगढ़ में 2023 में सरमा द्वारा की गई कथित टिप्पणी का हवाला देते हुए तर्क दिया कि मुख्यमंत्री की 'लव जिहाद' और 'अवैध धार्मिक धर्मांतरण' पर की गई टिप्पणियों का पूरे देश पर प्रभाव पड़ा। सिंघवी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य में एक विशेष समुदाय को निशाना बनाया। अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करते हुए उन्हें 'मिया मुस्लिम' कहा गया। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि अगर गांधीजी यह व्याख्या सुनते तो अपनी कब्र में करवटें बदल लेते। हम यह नहीं भूल सकते कि उन्होंने पद की शपथ ली है।





## खबर संक्षेप



### रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ 90.92 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे टूटकर 90.92 पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और दुनिया की प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने से रुपये पर दबाव रहा। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से रुपये को समर्थन मिला और गिरावट पर अंकुश लग गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 90.86 पर खुला।

### आरबीआई बांड की करेगा अदला-बदली नीलामी




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो मार्च को 25,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की ''अदला-बदली नीलामी'' करने की घोषणा की। अदला-बदली नीलामी के तहत सरकार जल्द परिपक्व होने वाले बॉन्ड को लंबी अवधि वाले नए बॉन्ड से बदल देती है। इससे एक ही साल में बड़ी रकम चुकाने का दबाव कम होता है और भुगतान की समय-सीमा आगे खिसक जाती है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि यह नीलामी सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक होगी।

### बीमा कंपनियां ग्राहक जोड़ने की लागत कम करे : इरडा



**कोलकाता।** बीमा उद्योग को अपनी लाभप्रदता बढ़ाने और उत्पादों को अधिक किफायती बनाने के लिए ग्राहक जोड़ने की लागत एवं प्रबंधन व्यय पर नियंत्रण करना होगा। बीमा नियामक इरडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के सदस्य (गैर-जीवन) दीपक सूद ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि ऊंची वितरण एवं प्रशासनिक लागत ने बीमा क्षेत्र को कम पैठ, अधिक लागत के चक्र में फंसा दिया है, जिससे कवरेज का विस्तार सीमित हो रहा है।

### योजनाओं के वर्गीकरण के लिए संशोधित रूपरेखा जारी

# सेबी ने म्यूचुअल फंड वर्गीकरण नियम में किया सुधार, 'लाइफ साइकल फंड' पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण के लिए एक संशोधित रूपरेखा जारी की। इसके तहत 'लाइफ साइकल फंड' को शामिल किया गया है, समाधान उन्मुख योजनाओं की श्रेणी को समाप्त किया गया है और एकरूपता और निवेशक संरक्षण को बढ़ाने के लिए खुलासा मानदंडों को सख्त किया गया है। यह कदम, योजनाओं के नाम में बढ़ा-चढ़ाकर किए गए रिटर्न दावों पर अंकुश लगाने और 'नाम के अनुरूप' स्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। सेबी म्यूचुअल फंड के बदलते परिदृश्य और विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में उभरते अवसरों के अनुरूप नियामकीय रूपरेखा बनाने का प्रयास कर रहा है।

**समाधान उन्मुख योजनाओं की श्रेणी को समाप्त किया गया**

## एकरूपता व निवेशक संरक्षण बढ़ाने खुलासा मानदंड सख्त किए

### योजनाओं को पांच श्रेणियों में रखा गया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र में योजनाओं को मोटे तौर पर पांच श्रेणियों... इक्विटी, ऋण (बॉन्ड), हाइब्रिड, लाइफ साइकल और अन्य योजनाएं- फंड ऑफ फंड्स योजनाएं और इंडेक्स फंड या ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) जैसी पैसिव योजनाओं...में वर्गीकृत किया है।



### निर्धारित प्रारूप का सख्ती से पालन करना होगा

पेशकश दस्तावेजों और विज्ञापनों में 'योजना के प्रकार' के विवरण में सेबी के निर्धारित प्रारूप का सख्ती से पालन करना चाहिए। चॉइस वेल्थ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निकुंज सर्राफ ने कहा कि सेबी के नए वर्गीकरण नियम खुदरा निवेशकों के लिए लगातार जटिल होते जा रहे इस उद्योग को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### योजनाओं में दोहराव कम होगा

सराफ ने कहा, ''इक्विटी, डेट (बॉन्ड), हाइब्रिड और समाधान-उन्मुख फंड में श्रेणियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करके और एक समान परिसंपत्ति आवंटन सीमाएं निर्धारित करके, नियामक यह सुनिश्चित कर रहा है कि योजनाएं वास्तव में अपने दावों को प्रतिबिंबित करें। इससे दोहराव कम होता है, तुलनात्मक स्थिति बेहतर होती है और उत्पाद की स्थिति में आवश्यक पारदर्शिता आती है।''

### योजनाओं की पहचान होगी आसान

सेबी ने कहा, ''योजना का नाम योजना श्रेणी के अनुरूप होगा। इसका मकसद निवेशकों के लिए योजनाओं की पहचान को आसान बनाना और म्यूचुअल फंड में एक विशेष श्रेणी की योजनाओं के नामों में एकरूपता लाना है।'' बाजार नियामक ने कहा, ''योजना के नाम में ऐसे शब्दों/वाक्यांशों का प्रयोग नहीं किया जाएगा जो केवल योजना के प्रतिफल पहलू को बताते हों।''

### योजनाओं में अनिवार्य पांच साल की लॉक-इन अवधि होगी

समाधान-उन्मुख म्यूचुअल फंड योजना विशेषीकृत, दीर्घकालिक निवेश साधन हैं जो सेवानिवृत्ति या बच्चों की शिक्षा जैसे विशिष्ट लक्ष्यों के लिए तैयार किए गए हैं। इन योजनाओं में अनिवार्य पांच साल की 'लॉक-इन' अवधि होती है।

### विदेशी प्रतिभूतियों को अलग वर्ग में नहीं माना जाएगा

सेबी ने कहा कि विदेशी प्रतिभूतियों को अब एक अलग परिसंपत्ति वर्ग के रूप में नहीं माना जाएगा। साथ ही, नियामक ने पूर्व-निर्धारित परिपक्वता और लक्ष्य-आधारित निवेश के लिए 'ग्लाइड पाथ' रणनीति के साथ ओपन-एंडेड योजनाओं के रूप में 'लाइफ साइकल फंड' की शुरुआत की है।

### कंपनी अब अपने सस्ते स्मार्टफोन उपलब्ध करा रही

# सैमसंग के सस्ते स्मार्टफोन होंगे एआई तकनीक से लैस



एजेंसी ▶▶| सैन फ्रांसिस्को

दिग्गज उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने कहा है कि वह कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी को अब अपने सस्ते स्मार्टफोन में मुहैया कराने जा रही है, ताकि आम उपभोक्ताओं को भी एआई सुविधाओं के लाभ मिल सकें। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने तीसरी पीढ़ी की गैलेक्सी एआई सीरीज़ का प्रीमियम स्मार्टफोन 'एस26' पेश करने के मौके पर बुधवार को यह जानकारी दी। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू पुल्लन ने कहा कि कंपनी एआई फीचर को अब अपने सबसे सस्ते मॉडल तक ले जा रही है। कंपनी ने हाल ही में 15,000 रुपये की शुरुआती कीमत में गैलेक्सी ए07 5जी मॉडल बाजार में उतारा है, जिसमें एआई से जुड़े फीचर दिए गए हैं। पुल्लन ने बातचीत में कहा, ''हम अब एआई फीचर को शुरुआती स्तर के मॉडल तक लेकर आ रहे हैं और इसी तरह हम पूरे स्मार्टफोन बाजार का विस्तार करेंगे।''

- तीसरी पीढ़ी की ग्लैक्सी एआई सीरीज का एस26 मॉडल पेश

किफायती फोन में एआई फीचर देने से कंपनी के मुनाफे और लागत पर पड़ने वाले असर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कंपनी का मुख्य ध्यान उपभोक्ताओं को अधिक मूल्य देने पर है। इसके लिए सैमसंग विभिन्न प्रौद्योगिकी मंचों एवं साझेदार कंपनियों के साथ काम कर रही है।

### एआई फोन से आएगा बड़ा बदलाव

अब ये सुविधाएं सिर्फ महंगे फोन तक सीमित नहीं रहेंगी। पुल्लन ने अनुमान जताया कि वर्ष 2026 में गैलेक्सी ए-सीरीज के फोन की बिक्री 10 करोड़ इकाई के आंकड़े को पार कर जाएगी। सैमसंग के प्रीमियम मॉडल एस26 की पेशकश पर उन्होंने कहा कि तीसरी पीढ़ी के इस गैलेक्सी एआई फोन के साथ स्मार्टफोन उद्योग में 'बड़ा संरचनात्मक बदलाव' आने जा रहा है।

# चांदी 7,400 रुपए लुढ़की सोना 1,300 रुपए टूटा

## कमजोर वैश्विक रुख से कारोबारियों ने की मुनाफा वसूली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कमजोर वैश्विक रुख और कारोबारियों की मुनाफावसूली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 7,400 रुपये घटकर 2.70 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1,300 रुपये के नुकसान के साथ 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

- चांदी घटकर 2.70 लाख रुपए प्रति किलो रह गई

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी 7,400 रुपये या लगभग तीन प्रतिशत घटकर 2,70,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। इसका पिछला बंद स्तर 2,77,900 रुपये प्रति किलोग्राम था।
99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि यह गिरावट मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी के रुख और सप्ताह की शुरुआत में कीमतों के तीन हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद हल्की मुनाफावसूली की वजह से हुई। मजबूत डॉलर ने सर्राफा में निवेश की दिलचस्पी को और कम कर दिया।



### इस्मा ने चीनी उत्पादन अनुमान को घटाया

**नई दिल्ली।** उद्योग निकास इस्मा ने शीर्ष उत्पादक राज्यों... महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में कम पैदावार का हवाला देते हुए कहा कि विपणन वर्ष 2025-26 के लिए भारत का चीनी उत्पादन का अनुमान 5.57 प्रतिशत घटाकर 3.24 करोड़ टन कर दिया गया है। कार्यकारी समिति की बैठक के बाद जारी किया गया तीसरा अग्रिम अनुमान, तीन करोड़ 43.5 लाख टन के दूसरे अनुमान के बाद आया है। पिछले साल उत्पादन दो करोड़ 96.2 लाख टन का हुआ था। एथनॉल के लिए 31 लाख टन का उपयोग किये जाने के बाद, शुद्ध उपलब्धता वर्ष 2024-25 के दो करोड़ 61.2 लाख टन से बढ़कर दो करोड़ 93 लाख टन तक पहुंच जाएगी। इस्मा ने कहा कि 50 लाख टन के शुरुआती स्टॉक को मिलाकर, कुल 3.43 करोड़ टन की उपलब्धता, घरेलू खपत 2.83 करोड़ टन से कहीं ज़्यादा है।

### सेडेमैक का आईपीओ चार मार्च को खुलेगा

**नई दिल्ली।** पावरट्रेन कंट्रोल और मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड का 1,087 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) चार मार्च को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 1,287-1,352 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

### एसबीआई म्यूचुअल फंड, बंधन बैंक में खरीदेगा हिस्सेदारी

**कोलकाता।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एसबीआई म्यूचुअल फंड के बंधन बैंक में 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बंधन बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने 25 फरवरी, 2026 के पत्र के माध्यम से एसबीआई म्यूचुअल फंड को बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों में अधिकतम 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी अधिग्रहीत करने की अनुमति प्रदान की है। बैंक ने कहा कि यह मंजूरी बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949; भारतीय रिजर्व बैंक निर्देश, 2025 (28 नवंबर, 2025 से प्रभावी समय-समय पर संशोधित); विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999; तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी नियमों सहित अन्य लागू कानूनों और दिशानिर्देशों के अनुपालन के अधीन है।

**कार्यालय नगर पंचायत राहौद, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
Email-nprahaud.2582015@gmail.com
क्रमांक/1433/लो.नि.वि./न.पं./ 2025-26 राहौद, दिनाँक 26/02/2026
// मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना //
एतद् द्वारा नगर पंचायत राहौद क्षेत्रान्तर्गत अधोसंरचना मद वर्ष 2025-26 से स्वीकृत कुल 11 कार्यों के लिए लागत राशि 63.36 लाख है, जिसमें सड़क एवं आरसीसी नाली से संबंधित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारो से मुहरबंद निविदाएं तीन-लिफाफा पद्धति से केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री डाक के माध्यम से मैनुअल पद्धति मे निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा में लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर 01.01.2015 एवं सड़क एस.ओ.आर. 01.01.2025 पर न्यूनतम / अधिक प्रभावशील प्रतिशत दर पर प्रस्तुत कर सकते हैं।
निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (लो.नि.वि. शाखा) से निर्धारित तिथि व समय में आवेदन प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकते हैं:-
1 निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय — 10.03.2026 समय 5.00 बजे
2 निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि एवं समय — 12.03.2026 समय 5.30 बजे
3 निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय — 18.03.2026 समय 3.00 बजे
4 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय — 19.03.2026 समय 12.00 बजे
टीप:-निविदा से संबंधित समस्त नियम एवं शर्त अन्य आवश्यक जानकारियां कार्यालयीन दिवस में कार्यालय नगर पंचायत राहौद के लोक निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है तथा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से देखी व डाउनलोड की जा सकती है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत राहौद, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
E-mail-npkharora@gmail.com
क्रमांक / 3143/न.पं./ लो.नि.वि./ 2025-26 खरोरा, दिनांक 25.02.2026
// षष्ठम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //
नगर पंचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 186183 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat kharora under SBM | 187.55 | 09-03-2026 (Time 9.00 PM) |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरोरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के ''मोर मकान मोर आस''
किरायेदार योजना अंतर्गत परीक्षण उपरांत पात्र/अपात्र पाये गये 216 आवेदकों के दावा आपत्ति आमंत्रित किये जाने के संबंध में।
विज्ञापन क्र. 164 दिनांक 25/02/2026
दावा आपत्ति सूचना
''मोर मकान मोर आस'' योजना अंतर्गत नूतन चौक में निर्मित 02 आवास एवं प्रभुदयाल खंडेलवाल राजकिशोर नगर में निर्मित 23 (G+3) आवासीय फ्लैट्स कुल 25 आवासों के आबंटन के लिए पंजीकृत आवेदन पत्र दिनांक 09/02/2026 सायं 05:30 तक जमा किया गया है। पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। दिनांक 26/02/2026 से दिनांक 13/03/2026 तक दावा आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रधानमंत्री आवास योजना कक्ष में प्रस्तुत का जा सकती है। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा आपत्ती मान्य नही होगी।
आयुक्त
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**
क्रमांक / 1752/न.पा.प./ लो.नि.वि/2025-26 खरसिया, दिनांक 26.02.2026
।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।
नगर पालिका खरसिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 18 में डॉ.बी.आर. अम्बेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य राशि 198.87 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 186397) आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड की जा सकता है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद खरसिया

**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय, 107, राम नगर रोड़, कोटा, रायपुर (छत्तीसगढ़) - 492010
REGIONAL OFFICE, 107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR (CHHATTISGARH)-492010
Phone: 0771-2254589,
Email : rd-cgarh@esic.nic.in
Website : www.esic.nic.in /www.esic.in
जेम बिड के माध्यम से भवन किराए पर लेने हेतु विज्ञापन
कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत वैधानिक निकाय है व इसका क्षेत्रीय कार्यालय उपरोक्त पते पर स्थित है। छत्तीसगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत शाखा कार्यालयों/ औषधालय सह शाखा कार्यालय के लिए संबन्धित नगरीय निकाय सीमा के अंदर निम्नानुसार 05 वर्ष की अवधि हेतु भवन किराए पर लिया जाना है:

| कार्यालय | आवश्यक कार्पेट एरिया (वर्ग फीट में) | जेम बिड समाप्ति दिनांक व समय | जेम बिड सं |
|---|---|---|---|
| बस्तर (जगदलपुर नगरीय निकाय सीमा के अंदर) | 2100 | 09/03/2026, 11:00 AM | GEM/2026/B/7269759 |
| कबीरधाम (कबरीरधाम नगरीय निकाय सीमा के अंदर) | 1000 | 09/03/2026, 11:00 AM | GEM/2026/B/7262498 |
| कांकेर (कांकेर नगरीय निकाय सीमा के अंदर) | 1000 | 09/03/2026, 11:00 AM | GEM/2026/B/7262010 |
| बालोद (बालोद नगरीय निकाय सीमा के अंदर) | 1000 | 09/03/2026, 11:00 AM | GEM/2026/B/7262402 |
| बालोद बाज़ार भाठापारा (भाठापारा नगरीय निकाय सीमा के अंदर) | 1000 | 09/03/2026, 11:00 AM | GEM/2026/B/7269554 |
| महासमुंद (महासमुंद नगरीय निकाय सीमा के अंदर) | 1000 | 09/03/2026, 11:00 AM | GEM/2026/B/7261790 |
| जांजगीर-चांपा (चांपा नगरीय निकाय सीमा के अंदर) | 1000 | 09/03/2026, 11:00 AM | GEM/2026/B/7269624 |
| मंदिर हसौद (जिला रायपुर) (मंदिर हसौद नगरीय निकाय सीमा के अंदर) | 1000 | 16/03/2026, 11:00 AM | GEM/2026/B/7269672 |

अधिक जानकारी के लिए https://bidplus.gem.gov.in/all-bids एवं https://esic.gov.in/tenders का अवलोकन करें। साथ ही किसी भी अन्य जानकारी के लिए टेलीफोन नंबर 0771-2254589 पर कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।
किराए के भवन के प्रस्ताव केवल जेम पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।
क्षेत्रीय निदेशक

## राशिफल

**मेष** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि

**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## शब्द पहेली - 6151



**बाएँ से दाए-**
1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6150 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6161

✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6160 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |



“ मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। ”

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
सत्यमेव जयते

Tele MANAS 14416

# टेली मानस

**भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

## क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?


कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

### इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- उदासी, चिंता या तनाव
- नींद की समस्या
- परीक्षा का तनाव
- परिवार से जुड़ी समस्याएँ
- आत्महत्या से जुड़े विचार
- नशे से संबंधित समस्याएँ
- रिश्तों में परेशानी
- याददाश्त से जुड़े मुद्दे
- पैसों की चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ

“ पिछले 3 वर्षों में हमने 30 लाख से अधिक कॉल्स में सहायता की है। ”

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**




CBC 17193/13/0006/2526

**टेली मानस को कॉल करें**

24/7

**14416**

**टोल-फ्री नंबर**

- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए 'अस्मी' से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### दिव्यांगों के लिए खुले सरकारी नौकरी...

के चिन्हांकन की सूची जारी कर दी है। अब प्रथम श्रेणी से लेकर चतुर्थ श्रेणी तक के पदों पर 'बैंचमार्क' दिव्यांगजनों को धारा 34 के तहत आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। **ये हैं प्रमुख दिशा-निर्देश और प्रावधान:** शासन द्वारा जारी इस नई व्यवस्था में कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को समाहित किया गया है, जो नियुक्तियों और पदोन्नति को पारदर्शी बनाएंगे। पदोन्नति में स्वतः लाभः यदि किसी कैडर का शुरुआती पद ( फीडर कैडर ) दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकित है, तो उससे जुड़ा पदोन्नति वाला पद भी स्वतः ही दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकित माना जाएगा।

### होली के पहले खुशखबरी, किसानों को बोनस ..

किसानों को आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर करने का निर्णय लिया है। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में पिछले दिनों हुई राज्य मंत्रिपरिषद ( कैबिनेट) की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि होली के पहले किसानों को बोनस की यह राशि अदा की जाएगी।

### माफी से नहीं चलेगा काम, कहा-केस बंद ...

आहत हुई है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस उम्र में छात्रों को 'पक्षपातपूर्ण विमर्श' से अवगत कराना सरासर अनुचित है, क्योंकि इससे मूलभूत गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। पीठ ने मामले की आगे की सुनवाई के लिए 11 मार्च की तारीख तय की। एक दिन पहले प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनसीईआरटी को सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में 'अनुचित सामग्री' के लिए माफी मांगने और उचित अधिकारियों से परामर्श करके इसे फिर से लिखने की बात कही थी। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली भी शामिल थे।

### पाठ्यपुस्तक में विवादित ...

कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि कार्यवाही का उद्देश्य किसी भी वैध आलोचना को दबाना या न्यायपालिका की समीक्षा के अधिकार के प्रयोग को रोकना नहीं है।

### साईं मंदिर में डाका,7 नकाबपोश डकैतों ...

ताला तोड़ने हुए अंदर प्रवेश किए। मंदिर के कई ताले टूटे मिले हैं। वहीं दरवाजों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। डकैतों ने साईं बाबा के चांदी के आभूषण, चांदी की पूजा सामग्री, छत्र को उखाड़कर ले गए। पुलिस का कहना है कि कुछ और सामान को भी ले जाने की कोशिश की गई थी, पर बदमाश सफल नहीं हो पाए। बदमाशों ने करोड़ों रुपए के सोने के असली मुकुट को नकली समझकर उसे वहीं छोड़ दिया। **एसएसपी सहित आला अधिकारी पहुंचे मौके पर:** सुबह जैसे ही घटना की जानकारी फैली, मंदिर प्रबंधन और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही भिलाई नगर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम पहुंची। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच के निर्देश दिए। डॉग स्क्वॉड ने भी परिसर का निरीक्षण किया। अब पुलिस मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि बदमाश किस रास्ते से आए और किस दिशा में फरार हुए।

**7 बदमाशों की आशंका, सीसीटीवी में दिखे 4 आरोपी:** मंदिर में हुई डकैती की घटना में बदमाशों की संख्या को लेकर असमंजस की स्थिति है। पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में चार संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं, लेकिन घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि वारदात में करीब 7 लोग शामिल थे। प्रारंभिक जांच के अनुसार चार आरोपी मंदिर के भीतर दाखिल हुए और चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### ब्रेक फेल होने से पिकअप खाई में ..

सका और पिकअप खाई में पटल गई। इस हादसे में वाहन में सवार 30 में से 20 लोग घायल हो गए। वहीं, मौके पर ही दो की मौत हो गई। इसमें गंभीर रुप से घायल 12 लोगों को इलाज के लिए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं दो सबसे ज्यादा घायलों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर भी रेफर कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अभी 10 लोगों का इलाज चल रहा था। राठिया परिवार की सगाई में सभी लोग गए थे, लौटते वक्त यह हादसा हो गया और सगाई का जश्न मातम में बदल गया।

### गणेश शंकर नीति आयोग के ...

आयोग' का नाम बदलकर राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ कर दिया है। नीति आयोग के सहयोग से राज्य सरकार अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन @ 2047 दस्तावेज तैयार कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य 2047 तक छत्तीसगढ़ को एक विकसित राज्य बनाना है, जिसमें शिक्षा, आईटी, और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### नक्सलियों के गढ़ बीजापुर में होगा अंतिम युद्ध...

एरिया व दक्षिण बस्तर डिविजन माओवादियों का मजबूत गढ़ रहा है। पापाराव इसी इलाके में अधिक सक्रिय रहा है, जो मूलतः बीजापुर जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वर्तमान में भी पश्चिम बस्तर डिविजन का गंगालूर व बासागुड़ा अपनी भागौलिक स्थिति के चलते माओवादियों का गढ़ बना हुआ है। यहां से ही कैडर नक्सलियों की आवाजाही पड़ोसी राज्यों के अलावा उतर बस्तर की ओर अधिक होती है, जो एक तरह से लाइफ लाइन का काम करता रहा है। नक्सल प्रभावित जिलों के दृष्टिकोण से बीजापुर जिला नक्सलियों के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा है।

### 33 दिन शेष निशाने में होगें...

नक्सली बीजापुर जिले में सक्रिय हैं। बचे हुए नक्सलियों से लगातार समर्पण कर हथियार डालने की अपील की जा रही है। बचे हुए नक्सलियों की तलाश में सुरक्षाबलों द्वारा जंगलों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इनके समर्पण करने या मुठभेड़ में मार गिराए जाने के बाद बीजापुर जिला नक्सलमुक्त जिले की श्रेणी में शामिल हो जाएगा।

### 787 दिन में 233 हार्डकोर...

वर्ष 2024 में सुरक्षाबलों ने बीजापुर जिले में विशेष अभियान चलाकर अलग अलग मुठभेड़ों में 58 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया था, वहीं वर्ष 2025 में 163 तथा इस वर्ष 57 दिन में 12 हार्डकोर मुठभेड़ में ढेर किया जा चुका है। बीते 787 दिन में 233 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही 268 हथियार बरामद करते हुए 1174 नक्सलियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। वहीं शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 906 ने आत्म समर्पण किया।

### अब इजरायल में भी चलेगा...

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक सॉफ्टवेयर के उपयोग को बढ़ावा देंगे। आर्थिक मोर्चे पर एक बड़ी घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और इजराइल जल्द ही एक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को अंतिम रूप देंगे। यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापारिक बाधाओं को कम करने और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

### मोदी-नेतन्याहू की वार्ता...

भू-भौतिकीय अन्वेषणः ऊर्जा और संसाधन खोज के क्षेत्र में साझेदारी।
राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर, लोथलः विकास में सहयोग का समझौता।
सांस्कृतिक आदान-प्रदानः सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
व्यापार और सेवाएंः वाणिज्य, मैन्युफैक्चरिंग और रेस्टोरेंट सेक्टर में कार्यान्वयन प्रोटोकॉल तय।
वित्तीय सहयोगः आईएफएससीए और इस्राइल सिक्योरिटीज अथॉरिटी के बीच समझौता।
सीईओ फोरम रिपोर्टः चौथे भारत-इस्राइल सीईओ फोरम की रिपोर्ट पेश की गई।

### धान पर स्थगन स्वीकार नहीं...

की कर्ज काफी की जाए, और नहीं तो फिर से किसानों से खरीदी की जाए। संगीता सिन्हा ने कहा, किसानों को धान का समपर्ण कराने मजबूर किया गया है। बालोद जिले में किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा गया। राघवेंद्र सिंह ने कहा, किसानों को जांजगीर जिले में खरीदी के लिए बहुत परेशान होना पड़ा। किसान का प्रताड़ति होकर जहर पीना, एक किसान को टॉवर पर चढ़ना पड़ गया।

### किसानों को चोर समझा...

तरीके से घुसे थे, इस मामले में अगर चर्चा नहीं होती, तो कम से कम सरकार की ओर से जवाब दिया जाना चाहिए। सभापति ने विपक्ष के स्थगन को अग्राह्य किया।

### जैगुर-डोडुम मुठभेड़, मारे गए 10 लाख के...

अत्याधुनिक एसएलआर व इंसास रायफल के अलावा 12 बोर बंदूक व विस्फोटक बरामद किया है। एसपी बीजापुर डॉ. जितेंद्र यादव ने बताया कि माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान सुबह लगभग 6 बजे इंद्रावती नदी क्षेत्र में सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच मुठभेड हुई। **हिंसा का मार्ग छोड़ने की अपील-** पूर्व माओवादी कैडर बारसे देवा, रूपेश, रनीता, राजमन, राजू सलाम, देवजी, संग्राम, भूपति, वेंकटेश तथा अन्य अधिकांश माओवादी कैडरों की तरह शेष सक्रिय कैडरों से अपील करते है कि हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने का विवेकपूर्ण निर्णय लेना चाहिए। हथियार और हिंसा से जुड़े रहने का कोई अर्थ नहीं है। **सुंदरराज पट्टलिंगम**, आईजी, बस्तर

### 5-5 लाख के इनामी हिचामी...

किया गया। अभियान के दौरान गुरूवार सुबह लगभग 6 बजे से डीआरजी जवानों एवं माओवादियों के बीच लगातार मुठभेड़ होती रही। फायरिंग उपरांत सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से 2 वर्दीधारी माओवादी कैडरों के शव बरामद किए गए। जिनकी शिनाख्त हिचामी मड्डा, भैरमगढ़ एरिया कमेटी सदस्य व मनकी पोड़ियम भैरमगढ़ एरिया कमेटी सदस्य के रूप में हुई है। दोनों पर 5-5 लाख रूपए का ईनाम घोषित था।

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एलर्जी एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • कैमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771-4060929, मो. 7389485756

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्येवेदिक दवा है.
यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप छूट जाए तो पुनः लगा दें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** क्लीनिक में काम करने हेतु लड़कीयो की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- चौहान डेंटल एंड कॉस्मेटिक्स क्लीनिक राजीव गाँधी चौक जरहाभाटा बिलासपुर 7987694540 (40070)

**आवश्यकता है-** कोचिंग में बच्चों की देखरेख, अन्य कार्य हेतु 10वीं पास युवक चाहिए वेतन 7000 से 8000 पता- सक्सेस प्वाइंट कृषि कोचिंग, कृषि महाविद्यालय के सामने सरकंडा बिलासपुर 62649 07884, 7566096069, 8889295817 (40073)

**आवश्यकता है-** (1) टेलीकॉलर (युवती) (2) एकाउंटिंग, टेली, बीजी अनुभवी (3) मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (युवक) चाहिए वेतन+ इंसेंटिव योग्यता अनुसार (1वर्ष अनुभवी) सम्पर्क करें- AVS Enterprises सोलर कम्पनी सीएमडी चौक, बिलासपुर 7000410007 (40062)

**आवश्यकता है-** टीडीएस, जीएसटी, आडिट एवं एकाउण्ट संबंधित की जानकारी वाले एकाउण्टेंट की आवश्यकता है। आफिस पता बिल्हा, बिलासपुर सम्पर्क करें- 9329977330 (40066)

**आवश्यकता है-** मोबाइल दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (40063)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर, मजदूर/ वर्कर, एवं दर्जी (जो घर से काम कर सके, कपड़ा काटने, तकिया सिलना) सम्पर्क करें- खण्डेल कॉटन वेस्ट एंटरप्राइजेज, जोरापारा, सरकंडा, सीपत रोड, बिलासपुर 9993756005, 9109437273 (40064)

**आवश्यकता है-** हास्पिटल में नर्सिंग कार्य करने हेतु लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें-गजानन स्मृति चिकित्सालय नेहरू नगर बिलासपुर 7247000111 (40056)

**आवश्यकता है-** Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18 से 28, आय 10500 से 18000, रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर, 88188 77406, 9644 433021, 07752-337082 (40053)

**Required -** Lions Public SCHOOl Kharhaekuda Madwarani Korba (C.G.) CBSE Affiliation No. 3330422 Requires PGT- 2 (Sports-Scout Guide, IT Head) TGT- 3 (SST, Sanskrit, Computer) PRT- 3 (Hindi, Maths, EVS) PPRT- 3 Office Staff- 02 Interview on 12 & 13 March 2026 Time 10 AM to 2 PM, Venue- Lions Public School Madwarani Dist. Korba (C.G.) English medium candidates qualified as per CBSE norms should only apply alongwith two recent photographs, with all the required testimonials before 8/3/2026 E mail at- lionspublic-schoolkharharkuda@gmail.com or Whatsapp 62612 97651 (20982)

**आवश्यकता है-** FMCG डिस्ट्रीब्यूटर (lays, कुरकुरे और अन्य) में इंटर्नशिप हेतु ऑफिस, सेल्स, गोदाम कार्य हेतु पुरुष, महिला स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- चोपड़ा बिल्डिंग FCI रोड तारबाहर, बिलासपुर 91119 70228 8959080574 (40057)

**आवश्यकता है-** एक डिलीवरी बॉय (वेतन 9000) एवं एक सेल्समैन (वेतन 11000) की आवश्यकता है सम्पर्क करें-मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी, गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर (40046)

**शीघ्र आवश्यकता है**
महिन्द्रा ट्रैक्टर के डीलर को निम्न पदों आवश्यकता है
सेल्समेन -6 पद
ऑफिस असिस्टेंट-1 पद (महिला)
संपूर्ण बायोडाटा सहित स्वयं संपर्क करे (समय 11 से 6 बजे)
सेंट्रल इंडिया मोटर्स
हीरो होंडा एजेंसी के बगल में महाराणा प्रताप चौक, बिलासपुर
07752-247707

**आवश्यकता है-** तिफरा एवं सिरगिट्टी स्थित प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान हेतु सुरक्षागार्डों की आवश्यकता है। वेतन शासकीय नियमानुसार आवास निःशुल्क अपने मूल दस्तावेजों सहित तत्काल सम्पर्क करें- अम्बे प्लाजा फर्स्ट फ्लोर तिफरा बस स्टैण्ड बुन्देलास सेक्युरिटास एण्ड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, बिलासपुर 9522250429, 93405 54393 (40048)

**आवश्यकता है-** टेन्ट हाऊस में काम करने के लिए सुपरवाइजर की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 80019 75775 (2998)

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य करने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 11000 से 13000 तक सम्पर्क करें- होटल रॉयल रामा पुराना बस स्टैंड के पास टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 07752477700 (3104)

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री में फुल टाइम माल लोडिंग, अनलोडिंग हेतु शारीरिक रूप से स्वस्थ 18 से 40वर्ष के लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीशारदा इंडस्ट्रीज इंडस्ट्रीयल एरिया तिफरा बिलासपुर 78699 19759 (40058)

**आवश्यकता है-** एक अनुभवी नर्सिंग स्टाफ एवं रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- स्किन क्योर क्लीनिक ग्राउंड फ्लोर, नारायण प्लाजा लिंक रोड बिलासपुर 95060 60404, 7828093301 (40050)

**आवश्यकता है-** कुरदुर वैली रिसार्ट बेलगहना बिलासपुर में उपप्रबंधक हेतु योग्य अनुभवी व्यक्ति चाहिए। वेतन 10000, बायोडाटा आइडी सहित पता- जयपाल टॉवर-2 शॉप नं.-8, स्टार चिल्ड्रन के पीछे, अग्रसेन चौक बिलासपुर 81030 02273 (40072)

**आवश्यकता है-** क्लासिक आइस वर्ल्ड में डिस्पैच हेतु चार, डिलीवरी हेतु ऑटो ड्राइवर एक चाहिए जिन्हें काम की जरूरत हो वहीं सम्पर्क करें- लक्ष्मी निवास के सामने लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 9827158819 (40055)

**आवश्यकता है-** कपड़े के शोरूम में कार्य करने के लिए दो अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 11000 तक सम्पर्क करें:- रूपवर्षा, गोल बाजार सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 9827163669 (40049)

**आवश्यकता है-** 1) दुकान में काम करने के लिए स्टाफ की जरूरत है। वेतन योग्यता अनुसार पताः श्री शंकर इंटरप्राइजेज (इलेक्ट्रॉनिक्स फर्नीचर शोरूम) तेलीपारा बिलासपुर संपर्क करेः- 9691169665 (550)


**आवश्यकता है-** वेटर/ झाड़, पोछा 18वर्ष से ऊपर के लड़के काम करने हेतु चाहिए वेतन 12000 ग्रामीणों को रहने, खाने की निःशुल्क व्यवस्था सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 94063 90898, 9827940898 (40051)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य करने के लिए (महिला/ युवती) कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 15000 से 20000 तक सम्पर्क करें- 8817395214 (40043)

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों (पेमेंट भरपुर मात्रा में) तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर की भी आवश्यकता है। सम्पर्क करें- नानक ट्रेडर्स, तेलीपारा, अजीत होटल 7711006641 (39979)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**हमारा आशियाना**




**आवश्यकता है-** चायपत्ती के पेंकिंग कार्य लडकी, महिला, पुरुष, लडको की जरूरत है संपर्क- ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमली डीह रायपुर 746998000, 07714075490 (6682)

## बेचना है

**बेचना है-** जूना बिलासपुर मेन रोड बालाजी सेल्स एवं रमेश थ्रेड के बीच में 215 वर्गफुट डबल स्टोरी स्वतंत्र दुकान सम्पर्क करें- प्रिन्स नावेल्टी गोल बाजार बिलासपुर 98271 68452 9300625174 9827466134 (3103)

**बेचना है-** लोखण्डी मेन रोड से लगे व्यावसायिक, आवासीय सर्वसुविधायुक्त प्लाट, मकान उपलब्ध है सम्पर्क करें-एस.के. कंस्ट्रक्शन नारायणी हॉस्पीटल के बगल वंदना ट्रेडर्स के ऊपर मंगला चौक बिलासपुर 90986 49603, 7987295995 (39605)

**बेचना है-** बिलासपुर की सबसे बड़ी आवासीय कालोनी यदुनन्दन नगर तिफरा के अन्दर मेन रोड पर 1500 वर्गफिट प्लाट पर बना डबल रोड 2BHK मकान+ 1दुकान+ गार्डन+ पार्किंग कीमत 51लाख सम्पर्क- 9826314444 (40068)

**बेचना है-** बिलासपुर रायपुर हाईवे में नांदघाट पुल के पहले 4.17 एकड़ जमीन फ्रंट 400, सीपत में हाईवे पर 8850 वर्गफुट प्लॉट, नया रायपुर के पास काठिया में 2 एकड़ भूमि सम्पर्क- 6399166000 (40059)

**बेचना है**
बिलासपुर में मोपका से चिल्हाटी रोड साईं विहार कालोनी में
3BHK रेडी पजेशन मकान बेचना है
सम्पर्क करें 9827404638 9039104638

**बेचना है-** यदुनन्दन नगर तिफरा में TNCP प्लाट 40×60= 2400 वर्गफिट डबल रोड का सेमी कमर्शियल, बंगला, किराया चाल, कॉम्पलेक्स हेतु उत्तम बेचना है मूल्य 2000 रुपए प्रति वर्गफिट सम्पर्क करें- 98263 14444 (40067)

**बेचना है-** कमर्शियल/ आवासीय 71504 वर्गफीट प्लाट खमतराई बिलासपुर में, शिवम विहार कॉलोनी 30×55, सूर्या विहार विहार कॉलोनी के पास 44×80, नगोई बायपास के पास 60×58.2 प्लाट बेचना है। सम्पर्क- 9300878897, 9575788444 (40065)

**बेचना है-** रेसिडेंशियल प्लॉट, सीपत मेन रोड से 50 फिट अन्दर बहतराई रोड में सरकंडा थाना के पास बिलासपुर में 4160 वर्गफिट प्लॉट बेचना है वास्तविक खरीददार ही सम्पर्क करें- 7869193933 (40060)

**बेचना है-** लक्ष्मी निवास पुराना सरकंडा में शहर की सबसे शानदार लोकेशन पर 50×100= 5000 वर्गफुट आवासीय जमीन बेचना है केवल सक्षम खरीदार सम्पर्क करें- 7999798815 (40052)

**बेचना है-** सर्वमंगला पेट्रोल पम्प के पीछे आशा नगर उस्लापुर में डाइवर्टेड डबल स्टोरी का नक्शा पास भूमि 60×50 में 60फुट उत्तर मुखी फ्रंट 25फीट सीमेन्ट रोड पर बेचना है सम्पर्क- 93003 33519 (40061)

## किराया

**किराया-** व्यापार विहार ग्वालानी चेंबर के थर्ड फ्लोर में 400 वर्गफीट ऑफिस, टॉयलेट, चेंबर, AC, फैन किराए से देना है 15,000+1000 मो. 98931 30580 (40069)

## फायनेंस

**फायनेंस-** महिन्द्रा फाइनेन्स मुद्रा योजना अन्तर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 25 लाख तक 2% ब्याज वार्षिक प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन सिविल खराब लोन पाए, सम्पर्क- 9311830460 (4359)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

Medicare Specialists
यौन रोग व यौन कमजोरी
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस. ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.) डॉ. बी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659, 93039-48500 96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
• शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी • शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता • लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन • लिंग में टेढ़ापन • वीर्य में शुक्राणु की कमी • बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी • पेशाब में धातु जाना • शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330

**CLASSIFIED RATE CARD**
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 5+3 10+10 15+18 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | |
| Raipur Edition | 4400 | |
| Bilaspur City | 2500 | |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अब 15 दिनों का होगा खेल महोत्सव, गुलमर्ग बनेगा शीतकालीन खेलों का ग्लोबल हब : मांडविया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर)

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज गुलमर्ग में छठे 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' के समापन समारोह को संबोधित किया।

इस अवसर पर उन्होंने जम्मू-कश्मीर को विश्व स्तरीय विंटर स्पोर्ट्स डेस्टिनेशन बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। डॉ. मांडविया ने घोषणा की कि भविष्य में गुलमर्ग में होने वाले शीतकालीन खेल केवल चार दिनों तक सीमित नहीं रहेंगे। इन्हें पर्यटन और संस्कृति के साथ जोड़कर 15 दिनों के एक एकीकृत खेल उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें 'फिट इंडिया कार्निवल' और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल होंगे। समापन समारोह के दौरान डॉ. मांडविया ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की।

### प्रमुख घोषणाएं और मुख्य बिंदु

#### नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

जम्मू-कश्मीर में शीतकालीन खेलों के बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण प्रणाली को मजबूत करने के लिए एक 'नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किया जाएगा।

#### ग्लोबल हब के रूप में पहचान

खेल मंत्री ने विश्वास जताया कि गुलमर्ग जल्द ही शीतकालीन खेलों का वैश्विक केंद्र बनेगा। खेल मंत्री ने कहा कि उन्होंने स्विट्जरलैंड सहित दुनिया के 55 देशों की यात्रा की है, लेकिन पीर पंजाल की चोटियों की सुंदरता अतुलनीय है।



### भारतीय सेना बनी चैंपियन

- **प्रथम स्थान (विजेता):** भारतीय सेना ने अपना खिताब बरकरार रखते हुए कुल 23 पदक (9 स्वर्ण, 6 रजत और 8 कांस्य) जीतकर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया।
- **द्वितीय स्थान:** हिमाचल प्रदेश (14 पदक - 6 स्वर्ण, 7 रजत और 1 कांस्य) उपविजेता रहा।
- **तृतीय स्थान:** हरियाणा की टीम तीसरे स्थान पर रही।

#### पत्थरबाजी नहीं, अब खेलों से बन रही जम्मू-कश्मीर की पहचान

डॉ. मांडविया ने क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलाव पर जोर देते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में एक नया विश्वास जागा है। पहले यहाँ पत्थरबाजी की खबरें सुर्खियां बनती थीं, लेकिन अब खेलों की चर्चा होती है। प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत 2047' के सपने को पूरा करने में जम्मू-कश्मीर की बड़ी भूमिका होगी।

#### देशभर के 900 से अधिक एथलीटों ने लिया भाग

**दो चरणों में आयोजन:** 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' 2026 का पहला चरण 20-26 जनवरी तक लद्दाख में आयोजित किया गया था, जबकि दूसरा चरण गुलमर्ग में संपन्न हुआ। इस स्पर्धा में 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 900 से अधिक एथलीटों ने छह अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंत्री ने दोहराया कि 'खेलो भारत नीति' के तहत सरकार की नीतियां खिलाड़ी-केंद्रित हैं, न कि महासंघों के पक्ष में, ताकि युवाओं की आकांक्षाओं को उड़ान मिल सके।

## दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराते हुए सेमीफाइनल की ओर बढ़ाया कदम



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

टी-20 विश्व कप 2026 के 47वें मैच में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 9 विकेट से हराया। सुपर-8 के इस मुकाबले में कैरेबियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रोमारियो शेफर्ड के अर्धशतक (51*) की मदद से 176/8 का स्कोर बनाया। जवाब में प्रोटियाज टीम ने कप्तान एडेन मार्करम (82*) और क्विंटन डिकॉक (47) की पारियों की मदद से 17वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया। सुपर-8 चरण में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मार्करम की कप्तानी वाली टीम अब ग्रुप-1 में शीर्ष पर पहुंच गई है। अब दक्षिण अफ्रीका को अपने सुपर-8 के आखिरी मैच में जिम्बाब्वे से 1 मार्च को भिड़ना है। दूसरी तरफ वेस्टइंडीज की यह टी-20 विश्व कप 2026 में पहली हार हुई। वेस्टइंडीज की टीम तालिका में फिलहाल दूसरे स्थान पर है।

#### इस तरह से जीती दक्षिण अफ्रीकी टीम

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 34 रन तक अपने 4 विकेट गंवा दिए। लगातार गिर रहे विकेटों के बीच जेसन होल्डर (49) और रोमारियो शेफर्ड (52*) ने उम्दा पारियां खेली और टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका से डिकॉक (47) और मार्करम ने 95 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत के बाद रयान रिकेल्टन (45*) और मार्करम ने टीम को आसान जीत दिलाई।

#### मार्करम बने प्लेयर ऑफ द मैच

कप्तान एडेन मार्करम ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 14वां और कैरेबियन टीम के खिलाफ चौथा अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने केवल 27 गेंदों में पूरा किया। यह उनका टी-20 विश्व कप में छठा अर्धशतक रहा। उन्होंने डिकॉक (47) के साथ पहले विकेट के लिए 48 गेंदों में 95 रन की साझेदारी निभाई। वह 46 गेंदों में 82 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## भारत ने जिम्बाब्वे को हराया, सेमीफाइनल में पहुंचने वेस्टइंडीज से निर्णायक मैच 1 को

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप 2026 के 48वें मैच में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम को 72 रन से हराते हुए सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ाया। एमए चिदंबरम स्टेडियम में हुए मैच में भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए 256/4 का स्कोर बनाया। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 184/6 का स्कोर ही बना सकी। हार्दिक पांड्या को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

अब सेमीफाइनल में पहुंचने भारत और वेस्टइंडीज के बीच निर्णायक मैच 1 मार्च रविवार को होगा। इस मैच को जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप एक से सेमीफाइनल में पहले ही पहुंच गई है।



#### भारत ने टी-20 विश्व कप में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया

भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप इतिहास में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। इससे पहले टी-20 विश्व कप में भारत का पिछला सबसे बड़ा स्कोर 218/4 रन था, जो 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच में बना था। भारत ने टी-20 विश्व कप इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर दर्ज किया। बता दें कि इस टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड श्रीलंका (260/6 बनाम केन्या, 2007) के नाम पर दर्ज है।

#### भारत ने पारी में लगाए कुल 17 छक्के

भारतीय टीम की पारी में कुल 17 छक्के लगे, जिसमें तिलक, हार्दिक और अभिषेक ने सर्वाधिक 4-4 छक्के लगाए। बता दें कि टी-20 विश्व कप में एक पारी में भारत से ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज और नीदरलैंड के नाम पर दर्ज है। नीदरलैंड ने आयरलैंड के खिलाफ 2014 में 19 छक्के लगाए थे। वहीं वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे के विरुद्ध 2026 में 19 ही छक्के जड़े थे।

#### इस तरह से जीती भारतीय टीम

भारत को संजू सैमसन (24) और अभिषेक (55) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद ईशान किशन (38) और सूर्यकुमार यादव (33) ने पारी को और मजबूती दी। पांड्या (50*) और तिलक वर्मा (44*) ने टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। जवाब में जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट (97*) ने संघर्षपूर्ण पारी खेली। उन्हें दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिल सका और पूरी टीम 184 में सिमट गई। भारत से अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट लिए।

#### सिकंदर रजा ने हासिल की ये उपलब्धि

जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 21 गेंदों में 2 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। इस बीच उन्होंने अपने 3,000 रन पूरे किए। इसके साथ ही वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बल्लेबाजी में 3,000+ रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में 100+ विकेट लेने वाले विश्व के सिर्फ दूसरे ऑलराउंडर बने। उनसे पहले मलेशिया के ऑलराउंडर वीरनदीप सिंह ये उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

### सिर्फ 14 गेंदों में अर्धशतक!

## वैभव सूर्यवंशी ने डीवाई पाटिल टूर्नामेंट में मचाया तहलका

एजेंसी ▶▶ नवी मुंबई

अंडर-19 वर्ल्ड कप जितवाने के बाद वैभव सूर्यवंशी का बल्ला लगातार आग उगल रहा है। आईपीएल में धमाका कर चुके इस 14 वर्षीय सनसनी ने अब डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में अपने पहले ही मैच में तूफानी पारी खेलकर सबको हैरान कर दिया है। वैभव ने महज 14 गेंदों में अर्धशतक जड़ते हुए 19 गेंदों पर 63 रन की विस्फोटक पारी खेली।



#### 12 गेंदों पर जमाए 7 चौके और 5 छक्के

नवीमुंबई में चल रहे इस टूर्नामेंट में डीवाई पाटिल ब्लू की ओर से खेलते हुए वैभव सूर्यवंशी ओपनिंग करने उतरे। इंडियन नेवी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 219 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीवाई पाटिल ब्लू को वैभव ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। उनके साथी ओपनर यश ढुल जल्दी आउट हो गए, लेकिन वैभव ने दूसरे छोर पर सरफराज खान के साथ मिलकर गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं।

#### वैभव ने 7 चौके और 5 गगनचुंबी छक्के लगाए

वैभव ने सिर्फ 14 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जिसमें उन्होंने एक शानदार चौका लगाया। उनकी इस पारी में कुल 12 गेंदों पर बाउंड्री लगीं, जिसमें 7 चौके और 5 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। जब वैभव आउट हुए तब उनका स्ट्राइक रेट 331.58 का था और टीम का स्कोर 97 रन तक पहुंच चुका था। दूसरे छोर पर मौजूद सरफराज खान उस वक्त सिर्फ 6 रन ही बना पाए थे।

## जोश से भरपूर न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में पहुंचने इंग्लैंड को आज चटाना होगी धूल

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

टी-20 विश्व कप 2026 के 49वें मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से आज शुक्रवार 27 फरवरी को होगा। यह सुपर-8 चरण में ग्रुप-2 का मुकाबला होगा।

इंग्लैंड टीम 2 मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है। अब श्रीलंका के खिलाफ जीत के बाद जोश से लबरेज न्यूजीलैंड की टीम भी इस मुकाबले को जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच यह मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में रात 7 बजे से खेला जाएगा।

#### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है इंग्लैंड का पलड़ा

टी-20 प्रारूप में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच कुल 30 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 17 में इंग्लिश टीम ने जीत दर्ज की है, जबकि कीवी टीम केवल 10 मुकाबले जीतने में सफल रही है। 3 मुकाबले अनिर्णित रहे हैं। टी-20 विश्व कप में दोनों टीमों के बीच 7 मुकाबले। इंग्लैंड ने पाकिस्तान को अपने आखिरी मैच में 2 विकेट से हराया था। ऐसे में टीम अपने प्लेइंग इलेवन में कोई बड़ा बदलाव नहीं करना चाहेगी। हालांकि, बल्लेबाजों को कीवी के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा।


**छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,**
पुराना हाईकोर्ट बिल्डिंग, बिलासपुर (छ.ग.)
E-mail-cgslsa@gmail.com cgslsa.cg@nic.in
Website- https://chhattisgarh.nalsa.gov.in

F.N./ 599 /II-16-01/2007 Bilaspur Date-26/02/2026

**स्थाई लोक अदालत (जनोंपयोगी सेवा) में "अन्य व्यक्ति" (Other Person) की नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 22 बी के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्यालय रायपुर, दुर्ग, एवं सरगुजा, (अम्बिकापुर) में स्थापित स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवा) में "अन्य व्यक्ति" (Other Person) के नियुक्ति के लिये रिक्त पदों पर अर्हता प्राप्त व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 30.03.2026 के शाम 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है:-

**विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के वेबसाइट https://chhattisgarh.nalsa.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। अथवा छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर या संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त किया जा सकता है।**

टीप:- आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में निम्न पते पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है:-

पता:- छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय भवन बिलासपुर (छ.ग.)

सदस्य सचिव,
छ.ग.रा.वि.सेवा प्राधिकरण
बिलासपुर

जी. 252606943/2



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग,**
**मरवाही मुख्या. पेण्ड्रा जिला-गौ.पे.म. (छ.ग)**

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना क्रमांक 09/2025-26 (द्वितीय आमंत्रण)**

क्रमांक/206/वलेलि / ग्रायांसेवा / 2025-26 पेण्ड्रा, दिनांक 24.02.2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने हेतु आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा आमंत्रण | निविदा कार्यालय में पहुंचने कि अंतिम तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| जिला पंचायत भवन निर्माण कार्य गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) | 301.32 | द्वितीय बार | 10.03.2026 | 09 माह वर्षा ऋतु सहित |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व -अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 26.02.2026 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग, मरवाही

जी. 252606942/4



**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH,**
**WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**HASDEO BARRAGE W/M DIVISION,**
**RAMPUR/KORBA DISTT.-KORBA (C.G.)**

**ePROCUREMENT TENDER NOTICE**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(SECOND CALL)**
**System Tender No. 186142 NIT No.: 13/SAC/2025-26,**
**Dated: 25-02-2026**

**Online Tenders are invited for the following works up to 16-03-2026 at 17:30 Hour**

**Name of work: CONSTRUCTION OF REPAIR & MAINTENANCE AND LINING WORK OF MINOR CANAL OF KANKI AND KARMA DISTRIBUTORY OF HASDEO RIGHT BANK CANAL**

**Probable Amount of Contract: Rs. 105.66 Lakhs**

**(Estimated cost of tender based on S.O.R. dated 01-05-2025)**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 05-03-2026 at 17:31 Hours. (IST) onwards.**

**NOTE:-**(1) All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement pornal (https://eproc.costate.gov.in) and get approval on specific vendor dass from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequen bidding. process Other terms and condition of this tender visit WRD website https://eproc.costate.gov.in under Live Tender available. (2) Estimated cost of tender based on S.O.R. dated 01-05-2025 (Revised 08-08-2025).(3) The Tenderer has to include GST in his financial proposal.

**EXECUTIVE ENGINEER**
**HASDEO BARRAGE W/M DIVISION**
**RAMPUR/KORBA (C.G.)**

**G.-252606917/1**



Aditya Birla Housing Finance Ltd.
ADITYA BIRLA CAPITAL
HOME LOANS

Regd Office: Indian Rayon Compound, Veraval, Gujarat - 362 266 | (T) +91 22 43567100 | (Toll free) 1800 270 7000 | CIN: U65922GJ2009PLC083779 | homefinance.adityabirlacapital.com

**सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है कि आदित्य बिरला हाउसिंग फायनांस लिमिटेड ने **एउ, पहली मंज़िल, व्यापार विहार रोड, वार्ड नं. 9, ग्राम तालापाड़ा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001** पर स्थित शाखा को कार्यकारी सुविधा और ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिये स्थानांतरित करने का फैसला किया है। नयी शाखा का पता है **2री मंज़िल, फ्रंट फेसिंग, श्री कृष्ण शॉपिंग प्लाज़ा, रिलायंस डिजिटल के सामने, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर 495001,** जो कि **जून-2026** से प्रभावी होगी।

***नियमानुसार तीन महीनों की सूचना अवधि के बाद मौजूदा शाखा काम करना बंद कर देगी।**

**आदित्य बिरला हाउसिंग फायनांस लिमिटेड के लिये**
**अधोहस्ताक्षरी/-**
स्थान: बिलासपुर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता



**ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा प्रभाग**
**चतुर्थतल, ब्लॉक-ए, इन्द्रावती भवन,**
**नवा रायपुर 492002 (छ.ग.)**
**फोन नं.-0771-2221766 एवं नं.-0771-2511549**
**email-handloomraipur@gmail.com**

क्रमांक/हा./बि.म.पु.यो./2025-26/282 रायपुर, दिनांक 25.02.2026

**" स्व. श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजनांतर्गत"**
**वर्ष 2024-25 के लिए प्रविष्टियों के पुन: आमंत्रण हेतु संक्षिप्त सूचना**

छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रदेश के हाथकरघा वस्त्र उद्योग को संरक्षण, हाथकरघों पर वस्त्र उत्पादन की पारम्परिक कला संस्कृति की अनुपमा को अक्षुण बनाए रखने एवं बुनकरों की कल्पनाशीलता, योग्यता, तथा कारीगारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से **"स्व. श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना"** की स्थापना की गयी है। इस योजना के तहत प्रदेश में हाथकरघा वस्त्र उत्पादन के क्षेत्र में एक सर्वश्रेष्ठ बुनकर को राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मण्डल (जूरी) द्वारा चयन होने पर राशि रू. 2.00 लाख (अक्षरी दो लाख रूपये) नगद पुरस्कार तथा प्रतीक चिन्ह, शाल एवं श्रीफल के रूप में दिया जायेगा, परन्तु चयन समिति के निर्णय के आधार पर पुरस्कार की नगद राशि अधिकतम दो व्यक्तियों के मध्य विभाजित हो सकती है।

"स्व. श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना" वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश के बुनकरों से पूर्व में आवेदन/प्रविष्टियाँ आमंत्रित किये गये थे किन्तु प्राप्त प्रविष्टियाँ पुरस्कार के अनुरूप डिजाईन/तकनीकी मापदण्ड में न होने के कारण विचारण क्षेत्र में नहीं लिया गया। अत: उक्त पुरस्कार हेतु दिनांक 02.04.2026 सायं 4:00 बजे तक बुनकरों से पुन: प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नही किया जावेगा। पुरस्कार के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप www.ruralindustries.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**(संचालक, ग्रामोद्योग द्वारा अनुमोदित)**

संयुक्त संचालक
ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा
छत्तीसगढ़, रायपुर

जी. - 252606922/2



**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19,
Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur- 492002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, **NRANVP** invites tender for following works:

**NIT No.97/R-HPSV-LED/EEE/CE/NRANVP/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 25.02.2026**

**Name of Work:** "Design, Supply, and Installation, including Replacement of Existing HPSV Street Light with LED Street Light at Various Sectors of Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)." (1st Call)

Estimated cost: **INR** 10.85 Crore, EMD: INR 11.00 Lakh, Period of Completion: **12 Months.**

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs** on **18.03.2026.**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) **http://eproc.cgstate.gov.in** directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

**Chief Engineer,**
**NRANVP**

**S-47024**



**OFFICE OF THE EXCISE COMMISSIONER, CHHATTISGARH, RAIPUR**
**GST BHAWAN, NORTH BLOCK SECTOR-19, NAWA RAIPUR, ATAL NAGAR, CHHATTISGARH**
**E-mail id: excise.comm.eg@gov.in I Contact No.: 0771-2512612**

Sr. No........... Despatch No............ Date:..........
To,
..................................
..................................

**NOTICE INVITING OFFERS FOR REGISTRATION AND SUPPLY OF FOREIGN LIQUOR IN THE STATE OF CHHATTISGARH**

NO. RATE OFFER/2026-27/1200 Dated: 24/02/2026

**1. Online offers for the rates of Brands Labels are invited for the year 2026-27 on URL- https://excise.cg.nic. in/ePayment/**

2. Offers are invited from Person/Firm/Company or Corporation lawfully engaged in manufacturing of IMFL/MALT/ WINE/RTD (Ready to Drink) (hereafter referred to as supplier) for registration and entering into rate contract with the Department of Excise, Chhattisgarh for supply of IMFL/FMFL/MALT/WINE/RTD for the FY 2026-27 01.04.2026 to 31.03.2027.

3. Offers for FMFL are invited from manufacturers owning a Distillery/Brewery/Blending unit situated outside India. Such offers on behalf of the Foreign Manufacturers may be submitted through a firm/ company registered in India (hereafter referred to as supplier).

4. The last date for receipt of rate offers in the Office of the Excise Commissioner at Raipur (Chhattisgarh) is 1.6./03/2026 by 17:30 hrs. which shall be opened on 17/02/2026 at 11:00 hrs. The participating firms shall deposit a non-refundable fee of Rs. 1,00,000/- (Rupees One Lakh only) towards registration through e-challan only.

5. Pre-bid meeting will be held at Vanijyik Kar- GST Bhavan, Atal Nagar Nava Raipur Chhattisgarh, which will be separately informed.

Application form along with the terms and conditions governing the offers and other documents can be viewed/downloaded from the official website of Chhattisgarh Excise Department. The applicant has to deposit an amount of Rs. 50000/- (Rupees Fifty Thousand Only) as application fees (non-refundable/non-adjustable) through e-challan for the allotment of Login-ID and Password for submission of the rate offers. If any tax arises, it is to be borne by the applicant separately.

No offline offers shall be entertained.

**Sd/-**
**R. SHANGEETHA**
**EXCISE COMMISSIONER**
**CHHATTISGARH**

**जी-252606899/2**

पिटाई से हर किसी को डर लगता है, लेकिन मगर यूपी के एक गांव के पुरुष होली के मौके पर महिलाओं के हाथों पिटाई खाने को उतावले रहते हैं। इतना ही नहीं, जो पुरुष महिलाओं से ज्यादा मार खाता है उसे पुरस्कार भी दिया जाता है।

# यूपी के इस गांव में होली पर महिलाओं से पिटने की होड़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होली की पहचान सिर्फ रंग-गुलाल तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां हर इलाके की अपनी अलग परंपरा है। ब्रज क्षेत्र की इसी सांस्कृतिक विरासत में एक अनोखा रंग जुड़ता है फिरोजाबाद जिले के टूंडला क्षेत्र के चुल्हावली गांव से, जहां सदियों पुरानी 'पैनामार होली' आज भी पूरे उत्साह से मनाई जाती है।

## कब होती है यह अनोखी होली

यह परंपरा होलिका दहन के अगले दिन, यानी परेवा को आयोजित होती है। गांव की महिलाएं नई साड़ियां पहनकर हाथों में 'पैना' लेकर मैदान में उतरती हैं। वहीं, पुरुष भी नए कपड़े पहनकर इस अनोखे उत्सव में भाग लेते हैं और शाम होते-होते गांव का चौक हंसी-मजाक और शोर-गुल से भर जाता है और फिर शुरू होती है हंसी मजाक के साथ पिटाई वाली होली।

## सबसे ज्यादा मार खाने वाले की बल्ले-बल्ले!



**क्या होता है पैना** पैना लकड़ी की छड़ी में चमड़े की पट्टी बांधकर बनाया जाने वाला पारंपरिक औजार है, जिसका उपयोग पुराने समय में बैलों को हांकने के लिए किया जाता था। लेकिन, फिरोजाबाद के इस गांव में बैलों के हांकने का यह औजार होली का खिलौना बन जाता है।

## पैनामार होली की असली रस्म

महिलाएं पैना से पुरुषों को प्रतीकात्मक रूप से मारती हैं और पुरुष बिना नाराज हुए मुस्कुराते हुए मार सहते हैं। दिलचस्प बात यह है कि यहां इसे प्रतियोगिता का रूप भी दिया जाता है। सबसे ज्यादा पैना सहने वाले पुरुष और सबसे ज्यादा 'पिटाई' करने वाली महिला को बाद में सम्मानित किया जाता है। यही वजह है कि आसपास के गांवों से भी लोग इस परंपरा को देखने उमड़ पड़ते हैं




## होली की अनोखी परंपरा कहां से हुई शुरू

स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, यह परंपरा ब्रज की होली संस्कृति से जुड़ी है, जिसकी झलक मथुरा, वृंदावन, बरसाना और बलदेव की प्रसिद्ध लट्ठमार और कोड़ामार होली में भी दिखाई देती है। ब्रज में रंगभरनी एकादशी से ही होली का उत्सव शुरू हो जाता है और मंदिरों में ठाकुरजी-राधारानी की विशेष होली खेली जाती है। चुल्हावली की पैनामार होली केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि रिश्तों की मिठास, हास्य और सामूहिक उल्लास का प्रतीक है। यहां मार में भी प्यार है और परंपरा में भी अपनापन- शायद यही वजह है कि सैकड़ों साल बाद भी यह अनोखी होली गांव की पहचान बनी हुई है।

## रोचक खबरें

# टर्नेट द्वीप पर है दुनिया का सबसे पुराना लौंग का पेड़



**जकार्ता।** लौंग एक मुख्य मसाला और औषधीय जड़ी-बूटी है। इसे एंटीबैक्टीरियल, एंटीसेप्टिक और दर्द निवारक गुणों के लिए जाना जाता है। इसका इस्तेमाल कई तरह से किया जाता है। भोजन में स्वाद बढ़ाने के लिए लौंग का इस्तेमाल किया जाता है। आज भले ही लौंग दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुका है, लेकिन, क्या आप जानते हैं कि दुनिया में पहली बार लौंग का पेड़ कहां उगा था? इसका एक लंबा इतिहास है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आज से करीब तीन हजार साल पहले लौंग का पेड़ सिर्फ पूर्वी एशिया के कुछ द्वीपों पर ही हुआ करता था। कहा जाता है कि इंडोनेशिया के टर्नेट द्वीप पर दुनिया का सबसे पुराना लौंग का पेड़ है। माना जाता है कि यह पेड़ करीब 350-400 साल पुराना है। टर्नेट द्वीप के ज्यादातर हिस्से में ज्वालामुखी हैं, लेकिन फिर भी यहां बड़ी संख्या में लोग घूमने आते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 3-4 हजार साल पहले टर्नेट, टिडोर और उसके आस-पास के कुछ द्वीपों पर लौंग के पेड़ पाए जाते थे। लौंग का कारोबार करके इन द्वीपों पर रहने लोग उस समय काफी अमीर हो गए थे। कहा जाता है कि जब टर्नेट और टिडोर के सुल्तानों के पास लौंग के कारोबार से काफी दौलत आ गई तो वो खुद को कुछ ज्यादा ही ताकतवर समझने लगे और आपस में ही लड़ने लगे।

## उड़ने वाले मेंढक भी पाए जाते हैं द्वीपों पर

कई वर्षों तक ये द्वीप यूरोपीय देशों के उपनिवेश रहे हैं। इन द्वीपों पर कई तरह के जीव-जंतु भी पाए जाते हैं। यहां उड़ने वाले मेंढक भी पाए जाते हैं। उन्नीसवीं सदी में अंग्रेज वैज्ञानिक अल्फ्रेड रसेल वॉलेस ने नई नस्लों की खोज में इन द्वीपों पर कई साल बिताया था। साल 1862 में जब वो वापस लंदन चले गए, वो अपने साथ करीब सवा लाख से भी ज्यादा प्रजातियों के नमूने लेकर गए थे। आज उन्हीं की वजह से हमें जानवरों की कई सारी नस्लों के बारे में जानकारी मिली है।

# दो जुड़वा भाइयों ने की जुड़वा बहनों से शादी, स्टेज पर खड़े हुए तो... मेहमान भी कन्फ्यूज

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के कामारेड्डी में एक दुर्लभ डबल ट्विन वेडिंग देखने को मिली। यहां जुड़वां भाइयों विजय और विनय ने जुड़वां बहनों कीर्तन और कीर्ति के साथ एक ही मंडप में शादी रचाई। एक जैसे चेहरों और लिबास के कारण मेहमानों के बीच भारी भ्रम और उत्साह का माहौल रहा। शादी का ये अनोखा संयोग अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। शादियों के सीजन में अक्सर हमें अनोखी और भव्य शादियां देखने को मिलती हैं। लेकिन तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में एक ऐसी शादी संपन्न हुई जिसने दुर्लभ संयोग की नई परिभाषा लिख दी है। यहां घनपुर गांव के दो जुड़वां भाइयों ने देमी कलां गांव की दो जुड़वां बहनों के साथ एक ही मंडप में सात फेरे लिए। इस डबल ट्विन वेडिंग ने न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि सोशल मीडिया की दुनिया को भी हैरान कर दिया है। कामारेड्डी के घनपुर गांव के रहने वाले जुड़वां भाई विजय और विनय की शादी देमी कलां की जुड़वां बहनों कीर्तन और कीर्ति के साथ तय हुई थी। शादी के दिन जब ये चारों दूल्हा-दुल्हन के लिबास में मंच पर एक साथ बैठे तो वहां मौजूद मेहमानों के लिए यह पहचानना मुश्किल हो गया कि कौन विजय है और कौन विनय, या कौन कीर्तन है और कौन कीर्ति। जब चारों एक साथ स्टेज पर खडे. हुए तो नजारा ऐसा था मानो किसी आईने के सामने एक ही जोड़ी की चार अलग-अलग छवियां दिखाई दे रही हों। शादी में आए मेहमान इस अद्भुत दृश्य को देखकर दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए।



## सभ्यता

जिंदगी में कई बार बदलते हैं नाम!

# इकलौती जनजाति, जिसके पास नहीं है समय का कोई ज्ञान

**ब्रासीलिया।** हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं, जहां हर सेकंड की कीमत है। घड़ी की सुइयां हमारे उठने, सोने और काम करने का फैसला करती हैं। लेकिन, अमेजन के घने जंगलों में रहने वाली अमुंदावा जनजाति के लिए समय का कोई मोल नहीं है, क्योंकि उनकी डिक्शनरी में समय शब्द ही नहीं है। आपको सुनकर ताज्जुब होगा, लेकिन बता दें कि ब्राजील के अमेजन वर्षावनों में रहने वाली इस जनजाति ने आधुनिक सभ्यता के सबसे बुनियादी आधार यानी समय को ही नकार दिया है। यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ के शोधकर्ताओं ने जब इस जनजाति पर गहराई से रिसर्च की तो वे यह जानकर दंग रह गए कि अमुंदावा भाषा में समय, सप्ताह, महीने या साल जैसे शब्दों के लिए कोई अनुवाद मौजूद ही नहीं है।



## उम्र का नहीं रखा जाता हिसाब

इस जनजाति के बारे में सबसे मजेदार बात यह है कि इनके यहां किसी की उम्र का हिसाब नहीं रखा जाता। लैंग्वेज एंड कॉग्निशन में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, अगर आप किसी अमुंदावा से पूछेंगे कि वह कितने साल का है, तो उसके पास इसका कोई जवाब नहीं होगा। यहां उम्र को नंबरों में नहीं नापा जाता, बल्कि पहचान से जोड़ा जाता है। जब इस जनजाति का कोई बच्चा बड़ा होता है, तो उसका नाम बदल दिया जाता है यानी नाम बदलना ही इस बात का सबूत है कि वह व्यक्ति अब बड़ा हो गया है। यहां एक इंसान अपने पूरे जीवन में कई बार अपना नाम बदलता है। यह तरीका हमें सिखाता है कि बिना नंबरों के भी समाज को चलाया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने जब इनकी भाषा को गहराई से समझा तो पाया कि अमुंदावा लोग 'समय बीत रहा है'जैसी बात समझ ही नहीं पाते। उनके लिए वक्त कोई ऐसी चीज नहीं है, जिसे पकड़ा जा सके या जिसका हिसाब रखा जा सके। उन्हें घड़ी या कैलेंडर की जरूरत कभी महसूस ही नहीं हुई। हम वास्तव में यह नहीं कह रहे हैं कि ये समय से रहित लोग या समय से परे लोग हैं। ये भी अन्य लोगों की तरह ही घटनाओं और घटनाओं के क्रम के बारे में बात कर सकते हैं।

## बर्थ डे और उम्र का मतलब नहीं समझा

जब पहली बार बाहरी दुनिया के लोगों ने इनसे संपर्क किया तो वे इन्हें समझा ही नहीं पाए कि बर्थडे या उम्र क्या होती है। इनके यहां न तो कोई काम करने की डेडलाइन होती है और न ही कहीं पहुंचने की जल्दबाजी। शायद यही वजह है कि ये लोग आधुनिक दुनिया के लोगों से कहीं ज्यादा शांत और खुश रहते हैं। अब जब यह जनजाति धीरे-धीरे बाहरी दुनिया और तकनीक के संपर्क में आ रही है तो उनके सामने अजीब मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। जब सरकार इनके आईडी कार्ड या पासपोर्ट बनाने की कोशिश करती है तो जन्म की तारीख लिखना नामुमकिन हो जाता है।



## खान-पान और शिकार करने का तरीका

अगर खाने-पीने की बात करें, तो अमुंदावा पूरी तरह से जंगल पर निर्भर हैं। ये बहुत ही कुशल शिकारी होते हैं। ये लोग तीर-धनुष का इस्तेमाल करके छोटे जानवरों और पक्षियों का शिकार करते हैं। इसके अलावा अमेजन की नदियों से मछली पकड़ना इनके भोजन का एक मुख्य हिस्सा है। ये लोग जंगली फल, कंद-मूल और शहद भी इकट्ठा करते हैं। दिलचस्प बात यह है कि ये खेती भी करते हैं, लेकिन बहुत छोटे स्तर पर। ये मुख्य रूप से 'मुनिओक' (एक प्रकार की जड़) और मक्का उगाते हैं। इनके यहां खाना पकाने का तरीका बहुत ही बुनियादी है, जिसमें आग पर भूनना या उबालना शामिल है।

# खुद को कुत्ता मानती है ये खूबसूरत लड़की, बांधती है गले में पट्टा और सिर पर कान

**न्यूयार्क।** दुनियाभर में कई ऐसे लोग हैं, जिनके अजीबोगरीब शौक के बारे में जानकर हैरानी होती है। इनमें से कोई महिलाओं जैसे कपड़ों में दफ्तर जाता है, तो कोई बिल्लियों से भरे घर में रहता है। लेकिन, आज हम आपको जिस लड़की के बारे में बताने जा रहे हैं, उसके बारे में जानकर होश उड़ जाएंगे। अमेरिका की रहने वाली 20 साल की ये खूबसूरत लड़की खुद इंसान नहीं, बल्कि एक कुत्ता मानती है। इस लड़की का नाम मिल्क लव है। युवती के इस दावे ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दिया है। वह न केवल कुत्तों की तरह व्यवहार करती है, बल्कि उसने अपनी लाइफस्टाइल को भी पूरी तरह से एक पामेरियन कुत्ते की तरह बना लिया है। मिल्क लव को पब्लिक प्लेसेस पर कुत्तों की तरह कान और पूंछ लगाकर घूमते देखा जा सकता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उसे दूसरों के लिए ट्रिक्स (करतब) दिखाना और बदले में ट्रीट या शाबाशी पाना बेहद पसंद है। मिल्क लव ने अपनी इस अनोखी लाइफस्टाइल की शुरुआत कॉलेज के दिनों में की थी। उसने बताया कि बचपन में वह अपने पालतू कुत्ते 'मोंटी' के साथ खेलते समय अक्सर यह कल्पना करती थी कि काश वह भी एक कुत्ता होती।



## कुत्ते की तरह हिलती है 'मोशन' पूंछ

आज मिल्क लव के पास कुत्तों जैसा दिखने के लिए खास वार्डरोब है, जिस पर उसने हजारों रुपए खर्च किए हैं। उसके पास एक 'हाइपर मोशन' पूंछ है, जो चलते समय बिल्कुल असली कुत्ते की तरह हिलती है। इतना ही नहीं, वह अब 50,000 रुपए से ज्यादा खर्च करके नुकीले दांत लगवाने की तैयारी में है। मिल्क अक्सर अपने दोस्तों के साथ पपी प्ले में हिस्सा लेती है, जहां उसके दोस्त उसके हैंडलर की भूमिका निभाते हैं। वह गेंद के पीछे भागती है, फर्श पर लोटती है और मालिक के आदेश पर करतब दिखाती है।


# अगर अफ्रीका में जन्में होते सलमान तो कैसे आते नजर

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर आजकल एआई यानी अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कई वीडियो शेयर किए जाने लगे हैं। इसकी मदद से वो भी बनाया जा सकता है जो सच में सिर्फ इंसान की सोच हो सकती है। आपने सलमान खान को तो देखा ही है। इस हैंडसम हंक के कई दीवाने हैं। लेकिन, क्या आपने कभी ये सोचा है कि अगर सलमान खान भारत की जगह दूसरे देश में पैदा होते तो कैसे नजर आते? एआई की मदद से इसका एक उदाहरण बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। इसमें ऑस्ट्रेलिया से लेकर अमेरिका, चीन से लेकर जापान तक के सलमान खान की झलक दिखाई गई।




# खजाना... सोने की अफवाह फैलते ही लोगों ने खोद डाले खेत

**जोहान्सबर्ग।** सोशल मीडिया पर फैली एक अफवाह ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास हालात बदल दिए। खबर उड़ी कि पुराने खनन कस्बे स्प्रिंग्स के बाहरी इलाके में जमीन खोदते वक्त सोना मिला है। बस फिर क्या था, आसपास के गांवों और दूर-दराज इलाकों से लोग वहां पहुंचने लगे। बताया गया कि खेत में बाड़ का खंभा लगाने के लिए गड्ढा खोदा गया और वहां से सोना निकला। यह बात जंगल की आग की तरह फैली। बेरोजगारी से जूझ रहे लोग फावड़े और मशीन लेकर खेतों में उतर गए। कुछ लोगों ने कहा, नौकरी नहीं है, पेट खाली है, शायद किस्मत यहीं बदल जाए। स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक सैकड़ों लोग अलग-अलग प्रांतों से यहां पहुंचे।



## हालात हुए बेकाबू

देखते ही देखते खेतों में गहरे गड्ढे हो गए। पशुपालकों ने पहले इजाजत दी, लेकिन भीड़ बढ़ने पर हालात काबू से बाहर हो गए। प्रशासन ने इसे अवैध खनन माना। कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया, उपकरण जब्त किए और मशीनों से गड्ढे भरवाए। नगर प्रशासन ने साफ कहा कि सोना मिलने की खबर अप्रमाणित है, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## इतिहास की गूंज

यह इलाका कभी सोने की खदानों के लिए मशहूर था। 1886 में सोने की खोज ने जोहान्सबर्ग को एक बड़े शहर में बदल दिया था। विटवाटरसैंड क्षेत्र आज भी परित्यक्त खदानों और अवैध खनन की समस्या से जूझ रहा है। यह घटना बताती है कि सोशल मीडिया अफवाह कैसे हकीकत बन जाती है। यह कहानी सिर्फ सोने की तलाश नहीं, बल्कि बेरोजगारी और उम्मीद की तस्वीर भी है। एक वायरल पोस्ट ने सैकड़ों लोगों को मिट्टी खोदने पर मजबूर कर दिया। सवाल यही है, क्या हर चमकती चीज सच में सोना होती है?

# हजारों फीट ऊंचाई पर बहती है कंकालों की झील

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल को झीलों का शहर कहा जाता है। यहां एक दो नहीं बल्कि सात झीलें हैं। चारों ओर पहाड़ों से घिरे इस शहर की खूबसूरती भी यहां के झील बढ़ाते हैं। यही वजह है कि लोग यहां झील देखने आते हैं। उत्तराखंड में ही 'कंकालों' की झील भी है।

## कहां हैं कंकालों की झील?

उत्तराखंड का रूपकुंड समुद्र तल से करीब 16500 फीट की ऊंचाई पर है। इसी को कंकालों की झील भी कहते हैं। साल भर यह झील बर्फ से जमी रहती है। जैसे ही गर्मी शुरू होती है यह पिघलने लगती है।

## बर्फ पिघलते ही दिखते हैं कंकाल

गर्मी के मौसम में जैसे ही यहां बर्फ पिघलती है तो सैकड़ों मानव कंकाल पानी में या सतह के नीचे तैरते दिखाई देते हैं। शुरू में लगा कि यह अवशेष जापानी सैनिकों के हो सकते हैं, जो यहां घुस आए थे।



## कई प्रचलित कहानियां

इसके पीछे कई मान्यताएं हैं। बताया जाता है कि इस झील के पास एक नंदा देवी का मंदिर है। माना जाता है कि राजा रानी ने मंदिर के दर्शन के लिए पहाड़ चढ़ने का फैसला किया, लेकिन वो यहां अकेले न जाकर नौकर के साथ ले गए। यह सब देखकर नंदा देवी नाराज हो गईं। उनका गुस्सा बिजली बनकर उन सब पर ऐसा गिरा कि वे सभी मौत के मुंह में समा गए। झील के बारे में यह भी कहा जाता है कि कंकाल उन लोगों के हैं जो किसी महामारी में एक साथ मारे गए। **बर्फ में जमे होने से कंकाल सुरक्षित** : वहीं, कुछ लोगों का मानना है कि ये सभी सेना के जवान रहे होंगे, जो बर्फ के तूफान में फंस गए और मारे गए। बर्फीले पानी ने उनके शरीर को सैकड़ों वर्षों तक सुरक्षित रखा।

## 700-800 इंसानी कंकाल पाए जा चुके


यह झील इतनी भयावह है कि ये कंकाल की जगह पूरे इंसान के अंग भी दिखाई देते हैं। इसे देखकर ऐसा लगता है कि उन्हें अच्छी तरह से संरक्षित किया गया हो। इस झील में अब तक 700-800 इंसानी कंकाल पाए जा चुके हैं।

## रिसर्च क्या कहते हैं?

शोध के मुताबिक, ये कंकाल सिर्फ भारत के ही नहीं, बल्कि ग्रीस, साउथ ईस्ट एशिया के लोगों के भी हैं। नई रिसर्च बताती है कि यह सभी कंकाल अलग अलग नस्लों के हैं। इनमें महिला और पुरुष दोनों के कंकाल शामिल हैं।

हालांकि जब अंग्रेजों ने टीम भेजकर पता लगाने को कहा तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ. जांच में पता चला कि ये लाशें जापानी सैनिकों की नहीं हो सकतीं, क्योंकि ये काफी पुरानी हो चुकी थी।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com